प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



बंगाल में चुनावी हिंसा कोई नई बात नहीं है पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज- 8 बचपन प्ले स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स डे

वर्ष : 15 अंक : 139 रविवार 10 मई 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# बंगाल की जनता का पीएम मोदी ने जताया आभार

## -शपथ ग्रहण के मंच से किया साष्टांग प्रणाम

(एजेंसी) कोलकाता। राजनीति में प्रतीक, शब्द और संयोग अक्सर बड़े बदलावों की पटकथा लिखते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता के प्रति अपना आभार और सम्मान प्रकट करते हुए मंच पर लेटकर साष्टांग प्रणाम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मैं पश्चिम बंगाल की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह केवल एक सोशल मीडिया पोस्ट नहीं है, बल्कि उस ऐतिहासिक जनादेश की स्वीकृति थी जिसने पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पीएम मोदी ने संसद से शपथ ग्रहण के मंच तक हमेशा लोकतंत्र और जनता दोनों का इस तरह स्वागत किया है और अब पश्चिम बंगाल की जनता के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। दरअसल, पश्चिम बंगाल में नई सरकार का गठन और भाजपा के पहले मुख्यमंत्री का शपथ लेना केवल



एक चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि एक लंबी राजनीतिक यात्रा का परिणाम है। गुरुदेव टैगोर की जयंती के पवित्र अवसर पर शुरू हुई यह नई पारी और एक राष्ट्रसेवक के रूप में प्रधानमंत्री का साष्टांग प्रणाम, बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य में एक अमिट चित्र के रूप में दर्ज हो गया है। बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री ने कमान संभाली है। इस ऐतिहासिक क्षण ने राजनीतिक विश्लेषकों को प्रधानमंत्री मोदी के उस दूरदर्शी वक्तव्य की याद दिला दी है, जो उन्होंने बिहार चुनाव के नतीजों के समय दिया था। उस जीत के बाद उन्होंने स्पष्ट रूप से संकेत दिया था कि बिहार के नतीजों ने बंगाल का रास्ता खोल दिया है। आज वह रणनीतिक आकलन धरातल पर सच साबित हुआ है और बंगाल के राजनीतिक दुर्ग में एक नई सरकार का प्रवेश हुआ है। इस ऐतिहासिक शपथ ग्रहण का महत्व तब और गहरा हो जाता है जब हम इसके समय (टाइमिंग) पर गौर करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल की जनशक्ति को नमन करने और नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का यह आयोजन गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती का पावन दिन भी है। बंगाल की सांस्कृतिक चेतना और अस्मिता के प्रतीक गुरुदेव के जन्मदिवस पर सत्ता का यह परिवर्तन मात्र एक संयोग नहीं, बल्कि एक बड़ा संदेश है। यह नई सरकार के उस संकल्प को सांस्कृतिक आधार प्रदान करने का प्रयास है, जिसे चुनाव के दौरान सोनार बांग्ला के रूप में परिकल्पित किया गया था। लोकतंत्र में जनता ही असली जनार्दन होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनादेश के सामने न केवल सिर झुकाया, बल्कि साष्टांग दंडवत होकर बंगाल की जनता का आभार व्यक्त किया। उनका यह कदम दर्शाता है कि लोकतांत्रिक सफलता का शिखर चाहे कितना भी ऊंचा हो, वह जनशक्ति के सामने सदैव नतमस्तक है। पश्चिम बंगाल के नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भावुक और ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान दशकों पुराना है। वर्ष 1952 में जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में भारतीय तिरंगा फहराने के लिए आंदोलन शुरू किया था, तब श्री माखनलाल उनके साथ थे और इसी दौरान उन्हें कश्मीर में गिरफ्तार भी किया गया था। 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद श्री माखनलाल ने पश्चिम दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के लिए संगठनात्मक समन्वयक के रूप में कार्यभार संभाला। इसके बाद 1981 से लगातार सात वर्षों तक उन्होंने जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं। पार्टी के शुरुआती और संघर्षपूर्ण वर्षों के दौरान उनका यह योगदान आज भी संगठन के लिए मिसाल माना जाता है।

# सीएम योगी ने शुभेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र, मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

## कहा-जनसेवा से पुनरस्थापित करें सोनार बांग्ला का गौरव

(एजेंसी) कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शनिवार को



कोलकाता में पश्चिम बंगाल की नई सरकार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। सीएम योगी ने सुवेंदु अधिकारी को मंच पर भगवा अंगवस्त्र भी पहनाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी।शपथ ग्रहण के पश्चात पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मंच पर मौजूद प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर सबके प्रति आभार प्रकट किया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट किया, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सुवेंदु अधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन एवं आपके ऊर्जावान नेतृत्व में सोनार बांग्ला का संकल्प सिद्ध होगा और प्रदेश सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा। आपका कार्यकाल बंगाल के जन-जन की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने, मां काली से यही प्रार्थना है। उन्होंने बंगाल में शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों को भी बधाई देते हुए लिखा, आज पश्चिम बंगाल में मंत्री पद की शपथ लेने वाले समस्त माननीय गण को हृदयतल से बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी जन-सेवा को सर्वोपरि मानकर सोनार बांग्ला के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। घ्मां काली की कृपा से आप सभी का कार्यकाल यशस्वी और लोक-कल्याणकारी हो। घ्वंदे मातरम! गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान सुवेंदु अधिकारी ने एक जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका बंगाल की धरा पर स्वागत किया था। इसके उपरांत उनके पैर भी छुए थे।

### सीबीआई ने रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों के खिलाफ मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली

(एजेंसी) नई दिल्ली। सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों-रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड-तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों के संबंध में मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, ये तलाशी उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में की जा रही है जिनके खातों का उपयोग बैंक कोषों के हेरफेर के लिए किया गया था। कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी का वारंट जारी करवाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों में बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुए कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपए है। बयान में कहा गया, श्तलाशी से यह भी पता चला कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं। जांच जारी है। केंद्रीय एजेंसी ने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी की शिकायतों के आधार पर अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह के खिलाफ हजारों करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के संबंध में सात मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों के दर्ज होने के तुरंत बाद सीबीआई ने पिछले कुछ महीनों में 14 स्थानों पर तलाशी ली थी।

# पंजाब सरकार में संजीव अरोड़ा के घर पर ED की रेड : केजरीवाल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, लगाया बड़ा आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने राज्य को प्रताड़ित किया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन से जुड़ी जांच के तहत अरोड़ा और उनसे कथित रूप से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शनिवार को फिर से छापे मारे। उन्होंने बताया कि अरोड़ा का चंडीगढ़ स्थित आधिकारिक आवास भी उन पांच परिसरों में शामिल है जिन पर छापेमारी की गई। केजरीवाल ने एक्स पर कहा, जैसे ही बंगाल चुनाव खत्म हुए, मोदी जी ने पंजाब में रोज ईडी की छापेमारी शुरू कर दी है। पिछले कुछ साल में मोदी जी ने पंजाब के साथ बहुत धोखा किया है। पंजाबियों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया है। उन्होंने कहा, पंजाब गुरुओं की धरती है। कई सौ साल पहले औरंगजेब ने जुर्म और अत्याचार के जरिए देश के कई भागों पर कब्जा कर लिया। मोदी जी ने भी बेईमानी से देश के कई हिस्सों पर कब्जा लिया है।. ..मोदी जी भी अब पंजाब पहुंचे हैं। मोदी जी भी पंजाबियों पर अत्याचार कर रहे हैं। पर गुरुओं ने कुर्बानी देकर औरंगजेब का सामना किया और लोगों को बचाया। आज गुरुओं की कुर्बानी से प्रेरणा लेकर पंजाब मोदी जी के अत्याचार का सामना करेगा और पूरे देश को उनके अत्याचार से बचाएगा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पंजाब के पानी पर हमला किया, पंजाब विश्वविद्यालय को लेने की कोशिश की, ग्रामीण विकास का पैसा रोक लिया और अब ईडी की ताबड़तोड़ रेड शुरू कर दी। अशोक मित्तल के यहां श्रेडश हुई, अगले दिन



उनको भाजपा में शामिल करवा लिया। उन्होंने कहा, इसका मतलब ईडी की छापेमारी का मकसद चोरी का पैसा ढूंढ़ना नहीं था। केवल अशोक मित्तल को तोड़कर उन्हें भाजपा में शामिल करवाना था। कुछ दिन पहले संजीव अरोड़ा के यहां भी छापेमारी हुई। वह भाजपा में शामिल नहीं हुए तो उनके यहां फिर से छापेमारी करवा दी। केजरीवाल ने कहा, कुछ वर्ष पहले मोदी जी ने पंजाब के किसानों को ललकारा था और उन्हें किसानों के आगे झुकना पड़ा। आज मोदी जी ने पूरे पंजाब को ललकारा है।

# शुभेंदु अधिकारी ने नहीं की शादी, कितनी है उनकी संपत्ति

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का वह सपना पूरा हो गया है, जिसके सच होने की कल्पना कुछ साल पहले तक भगवा दल के कार्यकर्ता भी नहीं करते थे। बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में नरेंद्र मोदी से लेकर राज्य में पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता माखनलाल सरकार तक की मौजूदगी में पद और गोपनीयता की शपथ ली। कभी ममता बनर्जी के करीबी नेता रहे शुभेंदु अधिकारी 15 साल से सत्ता पर काबिज दीदी को भवानीपुर से हराकर सीएम की कुर्सी तक पहुंचे हैं। 57 साल के शुभेंदु अधिकारी भवानीपुर के अलावा नंदीग्राम से भी चुनाव जीते हैं, जहां उन्होंने 2021 में ममता बनर्जी को मात देकर देशभर में चर्चा का विषय बन गए थे। कांग्रेस और टीएमसी के रास्ते भाजपा में आए शुभेंदु अधिकारी ने अपना जीवन पूरी तरह राजनीति और लोकसेवा के प्रति समर्पित रखा है। वह पूर्ववर्ती सीएम ममता बनर्जी की तरह अविवाहित हैं। शिशिर कुमार अधिकारी के बेटे शुभेंदु ने रबिंद्र भारती यूनिवर्सिटी से 2011 में एमए की डिग्री ली थी। चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपनी संपत्ति 85,87,600 रुपये घोषित की थी। जबकि उन पर किसी तरह का कर्ज नहीं है। अधिकारी पेशे से कारोबारी भी हैं। चुनावी हलफनामे के मुताबिक उनके पास कोई गाड़ी नहीं है। शुभेंदु अधिकारी के पास ना सिर्फ संगठन की अच्छी समझ है, बल्कि ममता बनर्जी सरकार में मंत्री रहे होने की वजह से उनके पास सत्ता का भी अनुभव है। अधिकारी ने 31 साल की उम्र में पहला चुनाव जीता था, जब वह कोंटाई नगर परिषद से कांग्रेस के पार्षद चुने गए। बाद में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए और 20 साल पहले 2006 में पहली बार कोंटाई साउथ सीट से पहली बार विधायक बने। 2007 में लेफ्ट शासन के दौरान जब नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ ममता बनर्जी ने चर्चित आंदोलन हुआ किया तो शुभेंदु अधिकारी ही उनके कर्ताधर्ता थे। आंदोलन को धार देने का श्रेय अधिकारी



को ही जाता है। टीएमसी में अधिकारी का कद इसके बाद तेजी से बढ़ा और उन्हें 2009 में पार्टी ने संसद भेजने का फैसला किया। अधिकारी तामलुक सीट से सांसद चुने गए। 2016 में एक बार फिर नंदीग्राम सीट से विधायक चुने जाने के बाद शुभेंदु अधिकारी ममता सरकार में मंत्री बने। शुभेंदु अधिकारी 2020 में ममता बनर्जी से नाराज होकर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने अगले साल हुए विधानसभा चुनाव में उन्हें ममता बनर्जी के खिलाफ उतार दिया। नंदीग्राम सीट पर हुई चर्चित जंग में अधिकारी ने 10 साल की सीएम ममता बनर्जी को हराकर खलबली मचा दी और पश्चिम बंगाल में ममता के खिलाफ सबसे मजबूत चेहरे के रूप में खुद को स्थापित कर लिया। यही वजह है कि 2026 में एक बार फिर उन्होंने ममता बनर्जी को चुनौती दी और वह भी उनके गढ़ भवानीपुर में। नतीजा फिर वही हुआ और शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा का पहला सीएम बनकर इतिहास रच दिया है।

# होर्मुज में गोलीबारी का शिकार हुआ भारतीय जहाज, गुजरात के नाविक की मौत, 5 घायल

(एजेंसी) तेहरान। होर्मुज में एक और भारतीय जहाज गोलीबारी का शिकार हुआ है। नाविकों के एक संगठन के प्रतिनिधि के अनुसार, बीते शुक्रवार को यह घटना हुई, जब होर्मुज स्ट्रेट में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में फंस जाने से गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शिपिंग निदेशालय के अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि तो की, लेकिन इसके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में सहायता प्रदान कर रहे हैं। ,यह लकड़ी से बना जहाज था, जिसकी पहचान अल फैज नूर-ए-सुलेमानी 1 नाम से हुई है। इस जहाज में 18 लोगों का क्रू सवार था। यह 7 मई को दुबई से निकला था और यमन के मुक्कम की ओर जा रहा था, तभी 8 मई को रात करीब एक बजे, होर्मुज स्ट्रेट पार करते समय यह गोलीबारी की चपेट में आ गया। बता दें कि ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद से ही होर्मुज टकराव का केंद्र बना हुआ है। ईरान ने लंबे समय से बिना इजाजत किसी भी जहाज को निकलने देने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसकी वजह से कच्चे तेल के दामों में भी बढ़ोतरी हो रही है। अधिकारियों



को लिखे एक लेटर में इंडियन सेलिंग वेसल्स एसोसिएशन (गुजरात) के महासचिव, आदम भाया ने इस घटना को अमेरिका और ईरान की सेनाओं के बीच हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण और हिंसक झड़प बताया। मृतक अल्ताफ तालाब केर उस जहाज पर इंजन ड्राइवर के तौर पर काम करते थे। वे गुजरात के द्वारका जिले के सलाया गांव के रहने वाले थे। बाकी क्रू सदस्यों को सुबह करीब 7 बजे (स्थानीय समय) डैट प्रेम सागर-१ (बीडीआई-1491) द्वारा बचा लिया गया और वे उसी दिन शाम 6 बजे तक दुबई पोर्ट पहुंच गए। उनका इलाज एक स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। एक सूत्र ने बताया कि घटना के तुरंत बाद भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने बचाए गए नागरिकों से मुलाकात की।11 भारतीय जहाज होर्मुज से बाहर निकलेइससे पहले गुरुवार को, विदेश मंत्रालय (एमईए) के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि 11 भारतीय जहाज होर्मुज से बाहर निकल चुके हैं, जबकि 13 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में मौजूद हैं। एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, जायसवाल से उन रिपोर्टों के बारे में पूछा गया कि क्या ईरानी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी से बचने के लिए पाकिस्तानी समुद्री सीमा और फिर भारतीय समुद्री सीमा से होकर गुजर सकते हैं, और क्या ऐसा करने के लिए भारतीय अधिकारियों से विशेष अनुमति लेने की आवश्यकता है। जायसवाल ने कहा, उन रिपोर्टों के संबंध में कि ईरानी जहाज नाकेबंदी से बचने के लिए भारतीय समुद्री सीमा से होकर गुजर सकते हैं। यदि अन्य देशों के जहाज अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में चलना चाहते हैं, तो किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि, भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश करने के सवाल के लिए, यह एक तकनीकी मुद्दा है जिसका उत्तर शिपिंग मंत्रालय या संबंधित तकनीकी अधिकारियों को देना होगा।

# सम्पादकीय

## 'द बंगाल फाइल्स' के रिलीज़ होने का रास्ता साफ़

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार पर फिल्म निर्माता–निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री की प्रतिक्रिया सामने आई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उन्होंने बंगाल की जनता को बधाई देते हुए कहा कि अब लोग राज्य में बिना डर के सिर ऊंचा करके चल सकते हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के रास्ते में ममता बनर्जी सरकार द्वारा रोड़ा अटकाने की घटना को याद कर नाराजगी जताई। विवेक रंजन ने कहा कि ममता बनर्जी ने पहले 'द कश्मीर फाइल्स' रिलीज होने के बाद बंगाल में उन्हें बैन कर दिया था। फिल्म को सिनेमाघरों से हटा दिया गया था और उन्हें बंगाल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। 'द बंगाल फाइल्स' पर भी पूरी तरह बैन लगा दिया गया। ट्रेलर लॉन्च रोका गया। उन पर हमला किया गया। मारपीट हुई और दर्जनों एफआईआर दर्ज की गईं। उन्होंने यहां तक कहा कि वह गवर्नर से अपना अवॉर्ड लेने भी नहीं जा पाए। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। चुनाव के दौरान उन्होंने चुपके से बंगाल भर में 'द बंगाल फाइल्स' ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाई। विवेक रंजन ने लिखा, "मुझे खुशी है कि हमने हार नहीं मानी और अपने छोटे से तरीके से लड़ाई लड़ी और आखिरकार... यह जबरदस्त जीत। तो वहीं दूसरी ओर विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स आखिरकार पश्चिम बंगाल में रिलीज हो रही है। भाजपा की बड़ी जीत के कुछ दिन बाद यह फिल्म राज्य में स्क्रीन पर आने जा रही है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि इससे पहले फिल्म को अनौपचारिक रूप से रोक दिया गया था। ऐसे माना जा रहा है कि अब अगले शुक्रवार यानी 15 मई को रिलीज होगी।



नफीस जाफरी

जहां तक फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का सवाल है तो मालूम हो कि द बंगाल फाइल्स विभाजन से पहले बंगाल में हुए सांप्रदायिक हिंसा पर आधारित है। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती और अनुपम खेर जैसे कलाकार हैं। रिलीज से पहले यह फिल्म राजनीतिक विवादों में घिरी रही। निर्देशक ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने फिल्म को बंगाल में दिखाने की अनुमति नहीं दी। जिसके बाद उन्होंने और उनकी पत्नी और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने भी राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखकर इस मुद्दे को उठाया था।

बहरहाल, भाजपा की जीत के बाद फिल्म रिलीज का फैसला आया है। कई लोग इसे अभिव्यक्ति की आजादी की जीत मान रहे हैं। द बंगाल फाइल्स की कहानी ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित होने के कारण पहले से ही सुर्खियों में रही। फिल्म पहली बार पिछले साल सितंबर में पश्चिम बंगाल को छोड़कर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। विवेक अग्निहोत्री की पिछली फिल्म द कश्मीर फाइल्स की तरह इस फिल्म को भी मजबूत प्रतिक्रियाएं मिलने की उम्मीद है।

## सेवा सेतु-छत्तीसगढ़ में सुशासन और डिजिटल क्रांति का नया अध्याय

नितेश चक्रधारी

छत्तीसगढ़ में शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन–केंद्रित बनाने की दिशा में सेवा सेतु एक गेम–चेंजर पहल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासनिक सेवाओं को नागरिकों की उंगलियों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी विजन का परिणाम है कि आज आय, जाति, निवास प्रमाण–पत्र से लेकर राशन कार्ड और भू–नक़ल तक की 441 से अधिक सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। डिजिटल युग में सुशासन का असली अर्थ है सेवाओं का सरलीकरण और समयबद्धता। सेवा सेतु इसी सोच को साकार कर रहा है, जो छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। डिजिटल सुशासन– कार्यालयों के चक्करों से मिली मुक्ति एक समय था जब नागरिकों को प्रमाण–पत्र बनवाने जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए अलग–अलग सरकारी कार्यालयों की दौड़ लगानी पड़ती थी। इसमें न केवल समय और श्रम की बर्बादी होती थी, बल्कि बिचौलियों का डर भी बना रहता था। सेवा सेतु ने इस पारंपरिक ढर्रे को बदलते हुए वन स्टॉप सॉल्यूशन पेश किया है। अब नागरिक घर बैठे या नजदीकी लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित समय–सीमा में सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। तकनीकी उन्नयन की दिशा में राज्य ने लंबी छलांग लगाई है। छत्तीसगढ़ के पुराने ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर जहाँ केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं नए और उन्नत सेवा सेतु प्लेटफॉर्म पर अब 441 सेवाएं लाइव हैं। इस पोर्टल पर 30 से अधिक विभागों को एक साथ जोड़ा गया है इस नई सेवा में 54 नई सेवाओं के साथ विभिन्न विभागों की 329 री–डायरेक्ट सेवाओं का सफल एकीकरण किया गया है, जिससे नागरिकों को अलग–अलग पोर्टल्स पर भटकना नहीं पड़ता। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय–सीमा में सेवा देना अब केवल कागजी नियम नहीं, बल्कि हकीकत है। पिछले 28 महीनों के आंकड़े इसकी सफलता की कहानी बयां करते हैं। कुल 75 लाख 70 हजार से अधिक आवेदनों में से 68 लाख 41 हजार से अधिक मामले का निराकरण किया जा चुका है। इस प्रकार 95 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निपटारा तय समय–सीमा के भीतर िआंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक मांग बुनियादी प्रमाण–पत्रों की रही है। चिप्स (ब्प्पैः) कार्यालय के मुताबिक आय प्रमाण–पत्ररू 32 लाख से अधिक आवेदन, मूल निवास, जाति प्रमाण–पत्र, विवाह पंजीयन और भू–नक़ल सेवाओं का भी बड़े पैमाने पर डिजिटल उपयोग हुआ है। व्हाट्सएप और डिजिटल ट्रांजेक्शन– पहुँच हुई और भी आसान तकनीक को जन–जन तक पहुँचाने के लिए अब सेवा सेतु को व्हाट्सएप से भी जोड़ दिया गया है। डिजिटल इंडिया की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक 3.3 करोड़ से अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन किए जा चुके हैं। पारदर्शिता और विश्वास का नया मॉडल सेवा सेतु केवल एक तकनीकी पोर्टल नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली के कारण अब हर आवेदन की रीयल–टाइम निगरानी संभव है, जिससे अनावश्यक देरी और भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म हुई है। यदि इसी गति से सुधार जारी रहा, तो छत्तीसगढ़ का यह मॉडल भविष्य में देश के अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन सकता है।

लेखक सहायक जनसंपर्क अधिकारी हैं

# बंगाल में चुनावी हिंसा कोई नई बात नहीं है



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल चुनाव में मिली भाजपा को अपार सफलता के बाद सबकी निगाहें इसी बात पर थी कि आखिर कौन बंगाल का अगला मुख्यमंत्री होगा? चर्चा में सबसे आगे शुभेंदु अधिकारी का नाम जरूर था, लेकिन उन पर एक ही सवाल था कि वो टीएमसी से भाजपा में आए हैं और शायद इस वजह से वो मुख्यमंत्री पद की रेस में पिछड़ जाएं। बहरहाल लगातार दो विधानसभा चुनावों 2021 के बाद अब 2026 में ममता बनर्जी को चुनाव हराने वाले शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। वहीं अब बात पश्चिम बंगाल में हुई चुनावी हिंसा की तो कहा जाता है कि दम दम दवाई, सायेस्ता कोरा , चौराम–चौराम जैसे शब्दों का पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद खूब इस्तेमाल होता रहा है। ये वहां दबा कर पिटाई करने से लेकर बदला लेने तक कुछ भी हो सकता है। ये शब्द बोलचाल की भाषा में इस्तेमाल किए जाते हैं। कांग्रेस के दौर से शुरू हुआ चुनाव के बाद बंगाल में हिंसा का चलन वामदलों और ममता दीदी के दौर में बदस्तूर जारी रहा। इस बार भी हिंसा दिखी है, फर्क बस इतना है कि पहली बार चुनाव जीतने वाली पार्टी अधिक हिंसा झेल रही है। मालूम हो कि 6 मई को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकार इसकी वजह टीएमसी की हार की हताशा को बताते हैं। हालांकि कुछ हिंसा की खबरों में भाजपा के कार्यकर्ताओं पर भी आरोप लगाए गए हैं लेकिन भाजपा की राज्य नेतृत्व ने कहा है कि पार्टी किसी भी प्रकार की हिंसा का समर्थन नहीं करती है। दमदम दवाई का मतलब सीधी कार्रवाई से रहा है। वहां चुनाव जीतते ही स्थानीय गुट सत्ता पक्ष की ओर मुड़ जाते थे तो स्थानीय कामों में भी सीधे सत्ताधारी दल का दखल हो जाया करता था। पार्टी कार्यकर्ताओं के माध्यम से इलाकों पर कब्जा जमाना, राजनीति से प्रभावित स्थानीय प्रशासन और अपराधियों को बिचौलिए के तौर पर इस्तेमाल करना आम था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि वहां चुनाव के बाद हिंसा होती है और खुद का एक वाकया भी सुनाया था। उन्होंने बताया कि कैसे वो मौत के मुंह से बचे और चुनाव के बाद कोलकाता में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के घर पर पनाह लिया करते थे। जानकार कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस के दौर में दबंगों के दबदबे पर कट (अवैध कमीशन) की राजनीति का बोलबाला हो गया। 2011 में जब तृणमूल सत्ता में आई थी तो लोगों को यह राहत मिलने की उम्मीद थी कि जोर–जबरदस्ती करने वाले संगठन का खात्मा हो गया है पर ममता की पार्टी ने अपने शासनकाल में यह अनुभव कराया कि मशीनरी बदली नहीं बस हाथ बदल गए हैं। जब तृणमूल ने 2011 में अपने शासन की शुरुआत की तब वामपंथी दलों ने बड़े पैमाने पर हिंसा का आरोप लगाया। तृणमूल के शासन में रंगदारी और कटमनी वसूलने के आरोप बार–बार लगते रहे। बंगाल में राजनीतिक हिंसा की जड़ें बहुत गहरी हैं। इसे



तीन अलग अलग चरणों में देखा जाता है। पहला, 1960–70 के दशक में कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच होने वाले संघर्ष– तब नक्सलबाड़ी आंदोलन और स्थानीय राजनीतिक अस्थिरता के दौर में वैचारिक वर्चस्व के लिए हिंसक झड़पे शुरू हुई थीं। दूसरा, 1977–2011 के बीच 34 साल के वामपंथी शासन के दौरान होने वाली हिंसा– उस दौरान हिंसा का कैडर का रूप मिला। सीपीआईएम ने ग्रामीण इलाकों तक अपना नियंत्रण बनाया। राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए सिंगूर और नंदीग्राम जैसे हिंसक संघर्ष हुए। सुंदरबन के मरीचझापी की हिंसा– बांग्लादेश से आए हजारों दलित हिंदू शरणार्थी (खास कर मतुआ समुदाय) सुंदरबन के मरीचझापी द्वीप में बसाए गए थे। ज्योति बसु सरकार ने इन शरणार्थियों को अवैध अतिक्रमणकारी घोषित किया और पूरे द्वीप की नाकेबंदी की गई। रिपोर्टों के अनुसार, पुलिस ने द्वीप पर खाने–पीने की आपूर्ति काट दी, पानी में जहर मिला दिया और गोलियां चलाईं, जिससे कथित तौर पर सैकड़ों से लेकर हजारों लोग मारे गएं तब इस घटना की रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध थां जिसकी वजह से वर्षों तक इस खूनी संघर्ष की मुख्यधारा को जानकारी नहीं थीं तीसरा, 2011 से अब तक– तृणमूल कांग्रेस का दौर. 2011 में जब ममता बनर्जी ने सत्ता संभाली तो परिवर्तन के वादों के बावजूद चुनावी हिंसा का पुराना पैटर्न जारी रहा। वामपंथियों की जगह मुख्य मुकाबला धीरे–धीरे टीएमसी और भाजपा के बीच केंद्रित हो गया। 2011 विधानसभा चुनाव में जब वाम दलों के हाथ से सत्ता तृणमूल कांग्रेस के हाथों में आई थी, तब नतीजे आने के तुरंत वहां बाद व्यापक हिंसा हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, चुनाव के बाद लगभग 50 सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। 2018 पंचायत चुनाव में जमीनी स्तर पर विपक्षी उम्मीदवारों को रोकने के लिए भारी हिंसा हुई थी। हिंसा के डर से लगभग 34 प्रतिशत सीटों पर टीएमसी उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए, क्योंकि विपक्ष को नामांकन ही नहीं भरने दिया गया। 2021 विधानसभा चुनाव के परिणाम (2 मई 2021) घोषित होने के बाद राज्यव्यापी भीषण हिंसा भड़क उठी थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई को हत्या और बलात्कार जैसे मामलों की जांच सौंपनी पड़ी। हजारों विपक्षी समर्थकों को राज्य छोड़ कर पड़ोसी राज्यों में पनाह लेनी पड़ी थी। इसी तरह 2023 के पंचायत चुनाव प्रशासनिक स्तर पर सबसे खूनी संघर्षों वाले थे। तब नामांकन से लेकर मतगणना तक 45 से 60 लोगों की मौत दर्ज की गई। केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद बम दागने और मतपेटियां लूटने की घटनाएं हुईं थीं। अब 2026 के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के परिणाम जारी होने के तुरंत बाद 5 मई से ही हिंसा की छिटपुट घटनाएं होने लगीं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि 6 मई को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मालदा, मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना में आगजनी और हत्याओं के बाद 400 से अधिक लोगों को गिरतार किया गया। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद की हिंसा एक गहरी और चिंताजनक राजनीतिक परिपाटी बन चुकी है। यहां चुनाव खत्म होने या नतीजे आने के बाद विपक्षी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और उनके परिवारों को निशाना बनाया जाता रहा है। यह सिलसिला किसी एक दल तक सीमित नहीं है, बल्कि दशकों से सत्ता परिवर्तन और राजनीतिक वर्चस्व का एक क्रूर जरिया रहा है। स्थानीय सहकारी समितियों, पंचायतों और पीडीएस सिस्टम पर नियंत्रण। कैडर और बदला लेने का प्रचलन. देसी हथियारों, क्रूड बमों की आसान उपलब्धता इसकी बड़ी वजह है जिसे पुलिस या तो स्वतः या सत्ता के दबाव में मूक बन कर देखती आई है। बंगाल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन पर स्थानीय सरकारी समितियों, पंचायतों और राशन वितरण प्रणालियों का सीधा नियंत्रण होता है। सत्ताधारी पार्टी का इनपर कब्जा होता है। चुनाव के बाद विरोधी गुट को पूरी तरह साफ करने की कोशिश की जाती है ताकि कोई चुनौती न बचे। यानी यह रानजीतिक एकाधिकार जमाने का मसला भी रहा है। विपक्षी दल अक्सर यह आरोप लगाते हैं कि हिंसा की ऐसी किसी भी परिस्थिति में राज्य की पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है या सत्ताधारी दल के दबाव में काम करती है। इससे अपराधियों में कानून का डर खत्म हो जाता है। यानी पुलिस और प्रशासन का पूरी तरह राजनीतिकरण कर दिया जाता है। जो सबसे बड़ा कारण जानकार बताते हैं वो है कैडर संस्:ति का प्रचलन और बदला लेने की भावना का बलवंत होना। दशकों से पार्टियों ने अपने जमीनी कार्यकर्ताओं (कैडर्स) को हिंसक झड़पों के लिए तैयार किया है। चुनाव के दौरान जो भी कड़वाहट या संघर्ष होता है, नतीजे आने के बाद जीतने वाला गुट उसका बदला हारने वाले गुट से लेता है। हिंसा की इन वारदातों में बंगाल में क्रूड बमों का व्यापक तौर पर इस्तेमाल होते देखा गया है। इसकी एक वजह इन बमों का आसानी से मिलना है। बंगाल के राजनीतिक संघर्षों में अवैध रूप से बनने वाले क्रूड बमों और हथियारों का धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। ये किसी मामूली विवाद को भी बड़ा हिंसक रूप दे देते हैं।

# तमिलनाडु में कांग्रेस ने की दिल्ली वाली ग़लती



फ़रीद वारसी

तमिलनाडु में अपने राजनीतिक डेब्यू में ही एक्टर विजय की टीवीके ने जब 108 सीटें जीती थीं, तब हर कोई हैरान रह गया था। टीवीके राज्य की सबसे बड़ी पार्टी तो बन गई, लेकिन बहुमत से 11 कदम पीछे रह गई। राज्यपाल ने साफ कह दिया, बहुमत नहीं तो कुर्सी नहीं। जिसके बाद कुछ दिन तक विजय सत्ता के अंकगणित में उलझे थे। हालात ऐसे थे कि पार्टी विधायकों ने सामूहिक इस्तीफे पर सोचना शुरू कर दिया था। उधर सत्ता की दो धुर विरोधी पार्टियां हाथ मिलाने पर विचार करने लगी थीं। लेकिन 24 घंटे में ही हालात ऐसे पलटे कि अब विजय की सारी मुश्किलें दूर हो गई और वे राज्य के नए मुख्यमंत्री बन गए। अब बात कांग्रेस की तो मालूम हो कि कांग्रेस ने तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन से अलग हो कर विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने कहा कि टीवीके को समर्थन की शर्त यह है कि इस गठबंधन से सांप्रदायिक ताकतों को बाहर रखा जाए जो संविधान में यकीन नहीं करते। कांग्रेस ने यह भी एलान किया है कि आने वाले स्थानीय चुनाव से लेकर लोकसभा और राज्यसभा चुनाव टीवीके के साथ लड़ेगी। कांग्रेस के इस फैसले को डीएमके पहले ही विश्वासघात करार दे चुकी है। कांग्रेस की दलील है कि वो जनादेश के साथ है और भाजपा को तमिलनाडु से दूर रखने के लिए उसने यह कदम उठाया है। लेकिन यह फैसला अचानक नहीं हुआ। इसकी भूमिका बीते कुछ महीने से बन रही थी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अभिनेता से नेता बने विजय की महज दो साल पुरानी पार्टी टीवीके की जबरदस्त जीत ने भले ही सब हैरान हुए लेकिन प्रदेश कांग्रेस के कुछ नेताओं को इस सुनामी का एहसास काफी पहले हो गया था। जैसा कि उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने "जनादेश का सम्मान" और "सांप्रदायिक ताकतों को सत्ता से दूर रखने" का हवाला देते हुए विजय को समर्थन दे दिया। बस यहीं से दिल्ली की पुरानी राजनीति फिर चर्चा में आ गई है। नतीजतन सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस तमिलनाडु में वही गलती दोहराने जा रही है, जो उसने कभी दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को समर्थन देकर की थी? गौरतलब है कि अन्ना हजारे के आंदोलन से लोगों के दिल में जगह बनाने वाली आम आदमी पार्टी ने साल 2013 में चुनाव लड़ा था। साल 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। उस वक्त कांग्रेस ने यह कहते हुए आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया था कि वह "जनादेश का सम्मान" करना चाहती है और भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से दूर रखना जरूरी है। नतीजतन कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में पहली बार केजरीवाल की सरकार बनी। लेकिन वह सिर्फ 49 दिनों तक चली। इसके बाद दोबारा चुनाव हुए और आम आदमी पार्टी 67 सीटें जीतकर भारी बहुमत में आ गई। दोबारा हुए चुनाव में सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को लगा क्योंकि जिस पार्टी ने समर्थन देकर केजरीवाल को सत्ता तक पहुंचाया था, वही धीरे–धीरे दिल्ली की राजनीति से लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गई और 2015 के चुनाव में शून्य पर सिमट गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस के वोट बैंक में



आप ने सेंध लगा दी और इसका नुकसान कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनावों में हर बार उठाना पड़ा। तमिलनाडु में भी कांग्रेस लगभग वही राजनीतिक तर्क दे रही है। जहां पार्टी का कहना है कि राज्य का जनादेश "धर्मनिरपेक्ष सरकार" के पक्ष में है और भाजपा या उसके सहयोगियों को सत्ता से दूर रखना जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक विजय ने कांग्रेस नेतृत्व को पत्र लिखकर समर्थन मांगा था। इसके बाद मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल के बीच इस मुद्दे पर गहन चर्चा हुई। पहले पार्टी इस बात पर विचार हुआ कि टीवीके सरकार को बाहर से समर्थन दिया जाए या सरकार में शामिल हुआ जाए। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में खबरें ये भी थी कि टीवीके के समर्थन के लिए तमिलनाडु कांग्रेस में पहले ही एक राय नहीं थी, मगर अब कांग्रेस ने टीवीके के समर्थन की हामी भर दी है। कांग्रेस फिलहाल डीएमके गठबंधन का हिस्सा है। ऐसे में टीवीके को समर्थन देने की खबरों से डीएमके बेहद नाराज है। डीएमके प्रवक्ता सर्वानन अन्नादुरई ने इसे "पीठ में छुरा घोंपने" जैसा बताया। उनका कहना है कि कांग्रेस ने जनता और अपने पुराने सहयोगी दोनों के भरोसे को तोड़ा है। डीएमके का ये बयान कांग्रेस की सिरदर्दी बढ़ाने वाला है क्योंकि वो उनका पुराना सहयोगी दल है. जिस दल के सहारे साउथ में अपने पैर पसारने की कोशिश में थी अगर वो ही खफा हो गया तो कांग्रेस को इसका नुकसान होना तय ही है। जो कि दिल्ली में कांग्रेस के साथ हुआ है। सबसे बड़ा खतरा यही है कि कहीं वह फिर किसी उभरते क्षेत्रीय चेहरे को इतना मजबूत न कर दे कि भविष्य में वही पार्टी उसकी राजनीतिक जमीन ही हथिया ले, जैसा कि कांग्रेस के साथ दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने किया। दिल्ली में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए केजरीवाल को समर्थन दिया था, लेकिन बाद में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का पूरा वोटबैंक अपने साथ खींच लिया। यकीनन तमिलनाडु में भी विजय युवा, लोकप्रिय और एंटी–एस्टैब्लिशमेंट चेहरे के तौर पर उभरे हैं। अगर उनकी सरकार बनती है और वह सफल रहते हैं, तो कांग्रेस का पारंपरिक वोट धीरे–धीरे टीवीके की ओर जा सकता है। यही वजह है कि अब सवाल सिर्फ विजय की सरकार का नहीं, बल्कि कांग्रेस के राजनीतिक भविष्य का भी बन गया है। क्या तमिलनाडु में कांग्रेस फिर दिल्ली जैसी गलती दोहराने जा रही है? कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी इसलिए भी हो सकती है कि क्योंकि गुजरात में आप के एंट्री मारने के बाद से वहां भी कांग्रेस को घाटा ही हुआ है। जिसका नुकसान कांग्रेस को पिछले गुजरात चुनाव में भी उठाना पड़ा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि टीवीके के साथ जाने से तमिलनाडु में कांग्रेस का जनाधार खत्म होने की कगार पर ना पहुंच जाए।

# नृत्य में पिरोई देव पूजा और प्रकृति प्रेम की लयात्मक कथा

समीर

भारत के उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर की सांस्कृतिक पहचान जितनी प्राचीन है, उतनी ही जीवंत भी है। इसका सबसे सुंदर प्रतीक है यहां का लाई हाराओबा उत्सव। इसका मतलब है देवताओं की प्रसन्नता यानी 'देव उत्सव'। जो न केवल मणिपुर की सभ्यता, लोक आस्था और जीवनदर्शन का जीवंत मंच है बल्कि इस उत्सव के जरिये मानव जीवन की नश्वर यात्रा और प्रकृति के साथ उसके आत्मीय संबंधों को भी भव्य ढंग से अभिव्यक्ति मिलती है। मुख्यतः मैतेई समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला यह उत्सव लगभग एक महीने तक चलता है, जो आगामी 12 मई को संपन्न होगा। इस उत्सव में देवताओं की पूजा की जाती है, सृष्टि की उत्पत्ति का जश्न मनाया जाता है और मानव जीवन की यात्रा तथा प्रकृति के साथ उसके संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिशें की जाती हैं। यह उत्सव उमंग और उत्साह की सामूहिक अभिव्यक्ति होता है। मणिपुर का समाज धार्मिक और उत्सवप्रिय है। अपनी परंपराओं पर मणिपुर के लोगों को गर्व भी है। इसलिए प्राचीनकाल से ही मैतेई समुदाय द्वारा मनाये जाने वाले इस उत्सव पर आज तक बाजार या किसी दूसरे कारकों का जरा भी असर नहीं पड़ा, जिससे कि इस उत्सव में कभी कोई कमी दिखी हो। मैतेई समुदाय के लोग अपने पुरखों द्वारा मनाये जाने वाले देवताओं की पूजा के इस उत्सव को आज भी उतने ही उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। लाई हाराओबा उत्सव में 'मैबी' यानी महिला पुजारिनें और 'मैबा' यानी पुरुष पुजारी, दोनों ही मुख्य पात्र होते हैं। उत्सव के दौरान महिला पुजारिनों द्वारा किया जाने वाला भव्य लोकनृत्य मनोरंजनभर ही नहीं होता बल्कि इस नृत्य में सृष्टि के क्रमिक विकास की एक लयात्मक कथा प्रस्तुत की जाती है। ये कथा दर्शाते नृत्य अलग–अलग विषयों में अलग–अलग भाव–भंगिमाओं वाले होते हैं जिनके विषय मुख्यतः पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव का जन्म, कृषि की शुरुआत, प्रेम और सामाजिक संबंधों को बड़े विस्तार और मनभावन ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। ये नृत्य एक तरह से पृथ्वी में जीवन उत्पन्न होने की क्रमिक ढंग से कहानी कहते हैं। कुल मिलाकर लाई हाराओबा उत्सव एक तरह से मानव जीवन का लोक इतिहास है, जिसे सदियों से मैतेई समाज अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत के रूप में सौंपता रहा है। इसलिए कहते हैं मणिपुर की संस्कृति को समझना हो तो यहां के लाई हाराओबा उत्सव में शामिल होना चाहिए या उसे प्रत्यक्ष देखना चाहिए। इस उत्सव में स्थानीय मिथकों, लोककथाओं और धार्मिक मान्यताओं का सुंदर और सकारात्मक समावेश है। इस उत्सव से इस समुदाय की धार्मिक आस्था व समाज के नैतिक मूल्यों की भी झलक मिलती है। यह उत्सव विशेषतः पंथोइबी और निंगथौ जैसे देवी–देवताओं की सरस कथाओं को नृत्य और गीत के साथ जीवंत ढंग से पेश करने का तरीका है। जैसे कि उत्तर–पूर्व के ज्यादातर उत्सव व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक होते हैं, उसी तरह यह भी सामुदायिक उत्सव है। पूरा समुदाय मिलकर इस खुशी का आयोजन करता है, इसमें हिस्सेदारी करता है और उसका आनंद उठाता है। लाई हाराओबा उत्सव कोई एक व्यक्ति नहीं मनाता बल्कि पूरा गांव, पूरा समुदाय मिलकर इस उत्सव को मनाता है। लेकिन इस उत्सव में हरेक व्यक्ति की अपनी एक विशिष्ट भूमिका होती है। चाहे उसे अनुष्ठान में भाग लेना हो, नृत्य करना हो, विशेष वाद्य बजाना हो, खाना बनाना हो या उसमें सहयोग करना हो। कुछ लोगों की जिम्मेदारी सिर्फ सफाई करना और आयोजन स्थल की सुरक्षा करना भी होता है। इस उत्सव को मणिपुर की आत्मा का उत्सव कहा जाता है, जिसमें वाद्ययंत्रों का भी विशेष महत्व है। खासकर मणिपुरी ड्रम का, जिसे यहां की स्थानीय भाषा में 'पुंग' कहते हैं और ऐसा ही एक दूसरा वाद्य जो बहुत मशहूर है, उसे 'पेना' कहा जाता है। यह एक पारंपरिक तंतुवाद्य होता है, जिससे सुरीली धुनें विकसित की जाती है। इन दोनों वाद्यों की संगति से निकली ध्वनि पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर देती है। लाई हाराओबा उत्सव में ध्वनियां दर्शकों को आध्यात्मिक ऊर्जा और अनुभव प्रदान करती हैं। यह सामूहिक उत्सव केवल अतीत की गाथाओं को ही नहीं दोहराता बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रस्तुत करता है। इस उत्सव में प्रकृति के प्रति सम्मान, सामूहिक जीवन और संतुलित अस्तित्व का संदेश दिया जाता है। इसे मणिपुर की आत्मा का उत्सव कहा जाता है, जो हमें सीख देता है कि संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि वर्तमान के जीने का ढंग भी होती है।

# रपड़ी ईको टूरिज्म स्थल में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार, निर्माण कार्य तेज

## - ईको पार्क के लिए तैयार हो रही वन्यजीवों की विशाल प्रतिमाएं, बन रहा नया डेस्टिनेशन
## - रपड़ी क्षेत्र को नेचर टूरिज्म के नए हब के रूप में किया जा रहा विकसित : जयवीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र में विकास कार्यों ने अब तेज रतार पकड़ ली है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा स्वी.त करीब 3.47 करोड़ रुपये की परियोजना पर जमीनी स्तर पर निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहली किश्त के रूप में 2.60 करोड़ रुपये जारी होने के बाद कार्यों में स्पष्ट तेजी देखी जा रही है। परियोजना के तहत रपड़ी ईको पार्क को एक आधुनिक और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां बच्चों के लिए आधुनिक प्ले जोन, नया एंट्रेंस गेट, सैंड स्टोन बेंच, साइनिज और पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही पार्क में मगरमच्छ, हाइना, कछुआ, डॉल्फिन और इंडियन



रॉक पाइथन जैसी वन्यजीवों की जीवन आकार प्रतिमाएं लगने कि लिए तैयार हो रही हैं, जो पर्यटकों और बच्चों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगी। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यहां रूफ टॉप सोलर फोटो वोल्टाइक पावर सिस्टम का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे ईको फ्रेंडली पर्यटन मॉडल को मजबूती मिलेगी। पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाओं का हो रहा विकास ईको पार्क में बैठने की आधुनिक और आरामदायक व्यवस्था, पर्यटकों के लिए आकर्षक विश्राम स्थल, बेहतर और ऊर्जा–कुशल लाइटिंग सिस्टम, सुव्यवस्थित मार्ग विकास के साथ–साथ पूरे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों ने अब तेज रतार पकड़ ली है। इन सभी कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि पार्क को एक व्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यटकों के अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। जैसे–जैसे ये विकास कार्य पूरे होते जाएंगे, रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र की पहचान एक प्रमुख और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में और मजबूत होती जाएगी। इससे न केवल स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि यह स्थल परिवारों, बच्चों और प्र.ति प्रेमियों के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में भी उभरेगा। रपड़ी को नेचर टूरिज्म का नया हब बनाया जा रहा है जयवीर सिंह प्रदेश के पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसका प्रभाव जल्द ही जमीन पर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल पर्यटन विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यहां ईको फ्रेंडली और सस्टेनेबल डेवलपमेंट मॉडल को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री ने आगे कहा कि, ष्सोलर एनर्जी, आधुनिक लाइटिंग, आकर्षक साइनिज और पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं के जरिए रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र को एक नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे यह आने वाले समय में प्रदेश के प्रमुख नेचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हो सकेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, आपसी समझौते से निपटाए जा रहें मामले

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नई दिल्ली) और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (लखनऊ) के दिशा–निर्देशानुसार शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित इस अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को शीघ्र, सुलभ और सक्षम न्याय प्रदान करना है। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित और प्री–लिटिगेशन मामलों को आपसी समझौते के आधार पर सुलझाया जा रहा है। बैंक ऋण वसूली, बिजली चोरी, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट), टैक्स संबंधी मामले और जलकर वाद, वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण और उपभोक्ता फोरम के मामले, चालान से संबंधित समस्त मामले, शमनीय वाद, स्टाम्प वाद और राजस्व वाद शामिल हैं। अधिकारियों ने लोक अदालत के फायदों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह के आधार पर विवाद का स्थाई समाधान होता है। लोक अदालत में निस्तारण के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। यहाँ दिए गए निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती, जिससे कानूनी उलझनों से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाती है। यह प्रक्रिया कानूनी जटिलताओं से परे, सहज और आपसी समझ पर आधारित है। जनपद न्यायालयों और तहसील स्तर पर आयोजित इस लोक अदालत में भारी संख्या में वादकारी पहुँच रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अम्बरीष त्रिपाठी, नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव और जिला जज/अध्यक्ष शिव कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने अपील की है कि नागरिक इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों को हमेशा के लिए समाप्त करें।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में हुआ भव्य कार्यक्रम

## - नकहा ब्लॉक के टीचरों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर–खीरी। लखीमपुर खीरी के नकहा ब्लॉक के संविलियन विद्यालय अम्बरसोत में ब्लाक में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ है। जिसमें सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश वर्मा और भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता और नकहा के खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न सरोज मौजूद रहे। इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों में नसीम बेगम, रमजान अली, एजाज अहमद, राजेंद्र प्रसाद, सुषमा देवी, मनोरमा वर्मा, हृदेश कुमार के नाम शामिल हैं। सेवानिवृत्त हुए सभी शिक्षकों का माल्यार्पण कर उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक के एआरपी, सभी न्याय पंचायतों के नोडल शिक्षक एवं उत्.ष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक के तमाम शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला महिला संयोजिका एवं ब्लॉक मंत्री श्रुति दीक्षित ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। सेवाकाल में रहते हुए वे बच्चों को न सिर्फ शिक्षा देते हैं बल्कि उन्हें अच्छे




संस्कार भी देते हैं।एक शिक्षक शारीरिक रूप से विद्यालय की नौकरी से सेवानिवृत्त हो सकता है, लेकिन मानसिक और सामाजिक रूप से वह हमेशा समाज को राह दिखाने वाला गुरु बना रहता है। शिक्षक जीवन भर सक्रिय रहते हैं और रिटायरमेंट के बाद भी अपने ज्ञान, अनुभवों और संस्कारों से नई पीढ़ी को शिक्षित करते रहते हैं। कार्यक्रम को सदर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख आदि तमाम नेताओं ने भी संबोधित किया। इस भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह में प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, अरनी खाना सहकारी समिति अध्यक्ष अशोक कुमार अवस्थी, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी, जिला मंत्री मनोज शुक्ला, शिक्षक नेता, आलोक मिश्रा, आरिफ अंसारी, हरिओम अवस्थी, राहुल वाजपेई, विपिन पाण्डेय, मनोज वर्मा, अवधेश रस्तोगी, धीरज वर्मा, सुनील वर्मा, पंकज सोनी, जाकिर अली, रवि दीक्षित समेत ब्लाक व जिला कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्लॉक के शिक्षकों ने शिरकत की।

# माई प्ले वे प्रेप स्कूल के नन्हे मुन्ने ने मनाया मदर्स डे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। गणेश नगर स्थित माय प्लेवे प्रेप स्कूल में नन्हे मुन्ने ने मदर्स डे बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल में स्पेशल सजावट की गई थी। माय प्लेवे प्रेप स्कूल के बच्चों ने



कई गानों पर डांस प्रस्तुति दी। जैसे तेरी उंगली पकड़ कर चला, मां ओ मेरी मां, तू ही तो जन्नत मेरी, आई लव माय मम्मी आदि गानों पर डांस प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों ने अपनी मां को कुछ लाइंस भी डेडिकेट की। जैसे जन्म दिया है सबको मां ने, पाल पोसकर बड़ा किया। कितने कष्ट सहनकर उसने, सबको पग पर खड़ा किया। आसमान में सूरज एक, घर में मेरी मम्मा एक, चम चम चमके चंदा एक, जैसे मेरी मम्मा एक। आई लव यू मम्मा। सेल्फी प्वाइंट पर नन्हे मुन्हें ने अपनी मदर्स के साथ फोटो खींचाई। बच्चों ने अपनी टीचर के साथ मिलकर मदर्स डे एक्टिविटी भी की जो कि अपनी मम्मा को भेंट के रूप में दी। उसे देख मदर्स खूब खुश हुई। कुछ बच्चों ने ऐसे भी किस्से सुनाएं की कैसे मेरी मां ने प्रेरणा दी और वही मेरी ताकत बनी। सही मायने में मां ही बच्चों की संवेदनशीलता और असली ताकत है सभी माय प्ले वियंस बच्चे मां के अदम्य साहस को सलाम करते हैं। स्कूल के अध्यक्ष एमसी गुप्ता, सीईओ मनीष गुप्ता एवं स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू गुप्ता ने सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी व सभी नन्हे मुन्ने को चाकलेट आदि देकर विदा किया।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान सर्वेक्षण हेतु हुई संगोष्ठी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर पालिका परिषद सिरसागंज के तत्वाधान में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं नगर पालिका परिषद सिरसागंज के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार



जैन ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के दसवां सर्वेक्षण 2026 आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश भर के 4500 से अधिक शहरों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और नागरिक फीडबैक के आधार पर रैंकिंग की जा रही है। इस वर्ष के सर्वेक्षण में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता पर विशेष जोर दिया गया है, और ग्राउंड असेसमेंट फरवरी–मार्च 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की मूल्यांकन प्रक्रिया में सर्वेक्षण 9,500 अंकों के पैमाने पर आधारित है, जिसमें प्रत्यक्ष अवलोकन, सेवा स्तर प्रगति, और नागरिक फीडबैक शामिल हैं। जिसमें मुख्य फोकस ओडीएफ़ और गारबेज–फ्री स्टार रेटिंग, कचरा प्रबंधन, गीलेध्सूखे कचरे का अलगाव और पानी की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसमें नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक अभियान के माध्यम से फीडबैक लिया जा रहा है। इस प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने समस्त नगरवासियों से स्वच्छ भारत अभियान के सर्वेक्षण की लिंक पर जाकर सर्वेक्षण में भाग लेकर सिरसागंज को नम्बर एक बनाएं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# आयुष आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## - निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइयों का मिला लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत निलोई पंचायत घर में आयोजित निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में सैकड़ा भर से अधिक मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। शिविर में मौसम परिवर्तन के चलते फैल रही बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। शिविर में उल्टी, दस्त, बुखार, सर्दी–जुकाम, पेट दर्द, कमजोरी तथा त्वचा संबंधी समस्याओं से पीड़ित बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शीलेन्द्र सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. इंदु सिंह एवं समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक




उपचार, खानपान एवं दैनिक जीवनशैली से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए तथा निरूशुल्क दवाइयों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में स्वच्छ पेयजल का उपयोग, साफ–सफाई और संतुलित भोजन बेहद जरूरी है। साथ ही बाहर का दूषित भोजन न खाने, बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के लाभ एवं विभिन्न रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देकर स्वास्थ्य जागरूकता पर भी जोर दिया गया। शिविर में महिलाओं एवं बच्चों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीणों ने ऐसे स्वास्थ्य शिविरों को जनहित में उपयोगी बताते हुए इनके नियमित आयोजन की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित, जिलेदार, राहुल शाक्य सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयनित होने पर अश्वनी को दी शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश के आगरा मण्डल के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित करने पर महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में प्रोफेसर एवं स्वीप की ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ संध्या द्विवेदी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें



नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। डॉ संध्या द्विवेदी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। अश्वनी कुमार जैन ने डॉ संध्या द्विवेदी स्वीप की ब्राण्ड एम्बेसडर के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# मथुरा में आठ हजार रक्त यूनिट संग्रह करके बनाया रिकॉर्ड




न्यूज वाणी ब्यूरो

मथुरा। ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के साथ टीम को भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें परशुराम शोभा यात्रा से पूर्व आयोजित रक्तदान शिविर एवं उनके और उनकी टीम को समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष कार्यों के लिए प्रदान किया गया। भगवान परशुराम शोभा यात्रा मथुरा के द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा राष्ट्रीय महासचिव गौरव कांत शर्मा युवा अध्यक्ष आयुष शर्मा ने संयुक्त रूप से परशुराम भगवान की चित्र छवि पगड़ी दुपट्टा पहन कर विनोद दीक्षित को किया सम्मानित। विनोद दीक्षित के नेतृत्व में अब तक मथुरा जनपद में लगभग 8000 रक्तदाताओं के सहयोग से 8000 जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही वे अपने अनोखे सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद में एक अलग पहचान बना चुके हैं। शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा ने कहा कि विनोद दीक्षित हर समय समाज और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उनके सेवा भाव और सामाजिक कार्यों को देखते हुए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा ने कहा कि विनोद दीक्षित पिछले तीन वर्षों से भगवान परशुराम शोभायात्रा में अपनी विंटेज गाड़ियों को निशुल्क उपलब्ध कराते आ रहे हैं। उनके सराहनीय योगदान के लिए समिति ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह जनपद के विप्र समाज के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद विनोद दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान उन्हें समाजसेवा के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं तथा वे आगे भी समाजहित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। सामाजिक होने वालों में भागवत आचार्य चारू चर्च का ललाडली, बृजेश शर्मा मनीष शर्मा अर्जुन पंडित श्याम शर्मा मुकेश शर्मा आदि शामिल रहे।

# कानून व्यवस्था मजबूत रखने के लिए पुलिस का लैग मार्च

## - लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सु. ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र ने थाना सैफई क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च



एवं रूट मार्च किया। पुलिस टीम ने सैफई क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए सतर्कता बरती गई। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन, व्यापारियों एवं राहगीरों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया तथा शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई भूपेन्द्र सिंह राठी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# यमुना में गंदा पानी छोड़ने पर डीएफओ नाराज

## – वृक्षारोपण और सफाई व्यवस्था तेज करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। डीएफओ विकास नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला गंगा समिति, वृक्षारोपण समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान की प्रगति पर चर्चा की। बैठक के दौरान डीएफओ ने एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की प्रगति की समीक्षा



करते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि एसटीपी अभी तक संचालित नहीं हो सकी है और बिना शोधन का अपशिष्ट जल सीधे यमुना नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आउटलेट का सैंपल लेकर जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने यमुना नदी में बहाए जा रहे ठोस अपशिष्ट को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए तथा नगर निगम को नदी किनारे फैले कूड़े–कचरे की शीघ्र सफाई कराने को कहा। डीएफओ ने कहा कि वर्षा ऋतु निकट है और समय रहते सफाई नहीं हुई तो कचरा नदी में बह जाएगा, जिससे प्रदूषण की समस्या और बढ़ेगी। बैठक में एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) केंद्रों की भी समीक्षा की गई। भरथना क्षेत्र के संबंध में नगर निगम के अधिशासी अधिकारी को सभी एमआरएफ केंद्रों के सुचारु संचालन एवं कचरा बाईपास क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए डीएफओ ने कहा कि सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित किए जा चुके हैं। उन्होंने भूमि चिन्हित करने, पौधों की सिंचाई एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग को किसी एक सड़क का चयन कर ट्री गार्ड के साथ वृक्षारोपण कराने को कहा गया। साथ ही इमली के अधिक पौधे लगाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर निगम परिषद श्याम बचन सरोज, एआरटीओ प्रदीप देशमणि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ। इस अभियान में जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अनुभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर श्रमदान किया। जिलाधिकारी ने स्वयं नालियों की सफाई की, जिससे प्रेरित होकर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे और



अन्य पटल सहायकों ने भी सफाई अभियान में योगदान दिया, सफाई के दौरान विकास भवन के सामने स्थित गड्ढ़े को भरने और कलेक्ट्रेट में जगह–जगह कूड़ा दान रखने की बात जिलाधिकारी ने कही, सफाई के दौरान कार्यालय के भीतर अनुपयोगी फाइलों के निस्तारण और पुराने रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए, ताकि कार्यस्थल का वातावरण बेहतर हो सके, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखा जाए। अंत में जिलाधिकारी ने यह संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। एक स्वच्छ वातावरण ही सकारात्मक कार्य संस्ःति को जन्म देता है। इस दौरान उप जिलाधिकारी अब्बास हसन नकवी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय सहित समस्त कलेक्ट्रेट कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# एनसीपी नेता का विधानसभा क्षेत्र लहरपुर में जनसंपर्क तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, लहरपुर। जनपद की लहरपुर विधानसभा क्षेत्र (148) में जन संपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के विकास में क्षेत्र और शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी पीछे है। इस क्षेत्र में न कोई बालिकाओं के लिये इन्टर कालेज है न ही कोई डिग्री कालेज है जिससे शिक्षा में काफी पीछे है।



काफी पीछे है न यहां आने जाने के सम्पर्क मार्ग सही है न ही आने जाने के कोई संसाधन हैं इस क्षेत्र में एक डिग्री कालेज और एक बालिका इण्टर कालेज की स्थापना होनी चाहिये। जब गांव गरीब का लड़का शिक्षा पाकर उच्च पद को प्राप्त करेगा तभी गांव गरीब कि विकास हो पायेगा जबकि क्षेत्र की कंई ग्राम पंचायत भवानीपुर डिगिहां बेलवा पर्वत पुर रूद्रपुर आदि ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क किया। ग्रामीणों ने बताया कि चौंका पुल न होने के कारण बरसात के समय निकलना मुश्किल हो जाता है और चौंका पुल न होने से बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी दिक्कत होती है। अगर गांव में किसी गरीब की तबियत खराब हो जाये तो ऐम्बुलेंस गांव नहीं पहुंच सकती है। ऐसी स्थिति में विकास कार्य देखने लायक है जबकि सरकार दावां कर रही है कि गरीब किसान खुशहाल हैं जबकि इस श्रेत्र में विकास कोषों दूर है। यहां के किसान केले की खेती करता है लेकिन यहां बाहर का व्यापारी पहुंच नहीं सकता। जिस कारण पिछले साल केला खेतों में संड गया था लेकिन किसान को मुवावजा तक नहीं दिया गया। यह का छात्र अगर पढ़ाई करना भी चाहें तो नहीं कर सकता है क्योंकि कालेज दूर क्षेत्र में है इसलिये सकरनं में एक डिग्री कालेज और एक बालिका इण्टर कालेज की स्थापना होनी चाहिये और लखनऊ सीतापुर आने जाने के लिये कम से कम चार रोडवेज बस चलाया जाये और सेमरावां और अदवारी के बीच में चौका पुल का निर्माण कराया जाये जनसंपर्क के दौरान जिलाध्यक्ष ललित सिंह मनोज कुमार यादव प्रदीप यादव रामसागर यादव नसीम गाजी अनुज निषाद नसीम अहमद अनकुलं छोटू यादव मौजूद रहे।

# बीजेपी कार्यकर्ता ने उठाई स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली

## - मंत्री ने कहा- भाषण के लिए मंच लगवा दूँ?

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और भाजपा के ही एक कार्यकर्ता के बीच तीखी नोकझोंक का मामला सामने आया है। मामला तब बिगड़ा जब कार्यकर्ता ने जिले की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था और आम जनता को हो रही परेशानियों को मंत्री के सामने रखा। जनहित की बात सुनकर समाधान देने के बजाय मंत्री जी ने तंज कसते हुए यहाँ तक कह दिया कि भाषण देना है तो तुम्हारे लिए मंच लगवा दूँ? प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी बांदा के दौरे पर थे। इसी दौरान एक भाजपा कार्यकर्ता ने उन्हें घेर लिया और स्थानीय अस्पतालों में व्याप्त अव्यवस्थाओं, डॉक्टरों की कमी और इलाज के लिए भटकती जनता का मुद्दा उठाया। कार्यकर्ता का तर्क था कि पार्टी का आधार श्अंत्योदयश है और आम आदमी की आवाज उठाना उसका कर्तव्य है। जैसे ही कार्यकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग की कमियाँ गिनानी शुरू कीं, मंत्री नंदी अपना आपा खो बैठे। उन्होंने कार्यकर्ता की निष्ठा पर सवाल उठाते हुए तीखे स्वर में कहा, ष्तुम भाजपा कार्यकर्ता हो ही नहीं सकते। मंत्री के इस बयान से वहाँ मौजूद अन्य लोग और कार्यकर्ता भी अवाक रह गए। कार्यकर्ता ने पलटवार करते हुए पूछा कि क्या अपनी ही सरकार में जनता की बुनियादी समस्याओं को उठाना अनुशासनहीनता है? इस घटना का वीडियो और विवरण सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब सत्ता की हनक इतनी बढ़ गई है कि अपनों की ही बात सुनने का धैर्य खत्म हो गया है? भाजपा कार्यकर्ताओं के



बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि आम आदमी की आवाज उठाने वाले को ही बाहरी करार दिया जाएगा, तो जमीनी स्तर पर जनता की बात कौन पहुँचाएगा।

# नानपारा पुलिस ने दो दर्जन गाड़ियों का किया चालान

## - क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने स्वयं संभाली कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के दिए गए आदेशों के क्रम में तथा निरीक्षक सुरेश कुमार यादव हमराही आरक्षी रामपाल यादव के द्वारा लगभग डेढ़ दर्जन दो पहिया चार पहिया वाहनों का को सीज किया गया। दो पहिया वाहनों का भी मानक के अनुसार चालान किया गया। इस दौरान चालकों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन




एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा बहुत सिंह के मार्गदर्शन में यातायात उप निरीक्षक नानपारा रवि यादव तथा चौकी इंचार्ज रामगोविन्द वर्मा, उप चालान किया गया। आपको बताते चले की नंबर प्लेट छुपा कर चलने वाले चार पहिया वाहनों तथा 11 ई रिक्शा वाहनों से 15000 रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। दो ई रिक्शा नंबर बीमा तथा अन्य दस्तावेज भी खंगाले गए। वर्ष 2026 के प्रारंभ से ही माह मई में निरंतर नानपारा के क्षेत्रों में दुर्घटनाओं का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी को देखते हुए कहीं ना कहीं चालकों की लापरवाही सामने आ रही है। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक के नियमों का चालकों को पाठ भी पढ़ाया गया। ताकि दुर्घटना में कमी आए।स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों के वाहनों के साथ–साथ सभी प्रकार के वाहनों विशेष कर थ्री व्हीलर पर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले वाहनों, ओवर लोड ट्रकों, ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों व बाइकर्स के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय तथा हाईवे पर चलने वाले ई रिक्शा को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि इन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लायी जायेगी।

# डीएम व एसएसपी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

## - बड़े अपराधियों को सजा दिलाने पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने तथा लंबित मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम–1989 के अंतर्गत दर्ज वादों, पीड़ितों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति, गैंगस्टर एक्ट, महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों, पॉक्सो एक्ट तथा अन्य आपराधिक मामलों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी न बरती जाए तथा प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि समाज में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखने और अपराधियों में भय उत्पन्न करने के लिए पुलिस एवं अभियोजन विभाग को एकजुट होकर ठोस कार्रवाई करनी होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निर्दोष व्यक्तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए ऐसे मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर, पॉक्सो एक्ट तथा अन्य गंभीर मामलों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बड़े अपराधियों को सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की जाए।




उन्होंने कहा कि छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ी घटना न होने पाए। जिलाधिकारी ने न्यायपालिका के सकारात्मक सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जो भी अपराध करेगा उसे सजा अवश्य मिलेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी सहित फौजदारी, पॉक्सो एक्ट, राजस्व, दीवानी एवं गैंगस्टर एक्ट से संबंधित सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने नसीरपुर थाने में पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जन–शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आज थाना नसीरपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की




समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित कुल दर्जनों मामले सामने आए, जिनमें सर्वाधिक संख्या भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़ी रही। ग्राम गुढ़ा निवासी रामश्री पत्नी श्री रामप्रकाश ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि विपक्षीगणों द्वारा उनके बैनामाशुदा मकान पर बाउंड्रीवाल निर्माण में अवैध रूप से बाधा उत्पन्न की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सिरसागंज और थाना प्रभारी नसीरपुर को संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर पैमाइश करने और नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने उपस्थित राजस्व कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन से संबंधित पुराने विवादों में पुलिस और राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाए। शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और शांति व्यवस्था बनी रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी कि दबंगई करने वाले और शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि कोई व्यक्ति वैध निर्माण कार्य में बाधा डालता है या धमकी देता है, तो उस पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करें। आज के समाधान दिवस में कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष लंबित प्रकरणों के लिए समय–सीमा निर्धारित की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## – लखना–बकेवर में महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर जनपद में कानून



एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचंद्र एवं क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन ने थाना बकेवर क्षेत्र के लखना–बकेवर में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती जुलूस एवं कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल एवं जुलूस मार्ग पर लगातार भ्रमण कर निगरानी बनाए रखी। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में सम्पन्न कराया गया। जनपद पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावी इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पुलिस ने जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# चौकी इंचार्ज पर मारपीट और गाली देने का आरोप - पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता लखीमपुर खीरी में पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। एक युवक ने चौकी इंचार्ज राजापुर समेत अन्य लोगों पर मारपीट और गंदी गंदी गालियां देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित अंकित गौतम का आरोप है कि वह बीती 8 मई



की रात एक विवाह समारोह से लौट रहा था, तभी महिला थाना के सामने कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सचिन यादव ने बिना मामले की जानकारी लिए उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि उसे लात मारकर गिराया गया और डंडे से हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। साथ ही अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घायल युवक ने पुलिस अधीक्षक से मामले में FIR दर्ज कर विभागीय जांच कराने की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस पूरे मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# चीनी नागरिक जेल से रिहा, राज्य सूचना आयोग पहुंचा था मामला

## - हाईकोर्ट के अधिवक्ता के राज्य सूचना आयोग में दाखिल की थी याचिका

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जेल में निरुद्ध चीनी नागरिक की रिहाई का मामला राज्य सूचना आयोग पहुंचने के बाद नोटिस जारी होने पर जेल प्रशासन व जिला प्रशासन हरकत में आया। गुरुवार को सुबह सात बजे चीनी नागरिक को जेल से रिहा कर दिया गया। सजा पूरी होने के बाद भी जेल में निरुद्ध चीनी नागरिक की रिहाई का बीड़ा जनहित के मुद्दों पर काम करने वाले हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी सैय्यद मो0 हैदर रिजवी ने उठाया था। रिहाई को लेकर हाईकोर्ट के अधिवक्ता सैय्यद मो0 हैदर रिजवी ने प्रमुख सचिव समेत प्रदेश व जिले के आला अफसरों को पत्र भेजकर रिहाई किए जाने की मांग की थी। रिहाई में अड़चन उसके मौलिक अधिकारों को हनन बताया था। रिहाई न होने पर हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी सैय्यद मो0 हैदर रिजवी ने जीवन एवं स्वतंत्रता से आच्छादित प्रकरण के मामलों में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत 48 घंटे के अंदर सूचना मांगी थी। सूचना न मिलने पर राज्य सूचना आयोग में अपील दाखिल की थी जिस पर सुनवाई के बाद जेल अधीक्षक को नोटिस जारी हुई थी। अपील में उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय की विधि व्यवस्थाओं का हवाला देते हुए कहा कि संविधान की धारा 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार भारत भूमि पर प्रत्येक व्यक्ति जिसमें विदेशी नागरिक भी समान रूप से लागू होता है। अधिवक्ता ने वसुधैव कुटुंबकम् से प्रेरित होकर रिहाई का बीड़ा उठाया था। सुप्रीम कोर्ट की विधि व्यवस्था लोइस डे राडस बनाम 1991 3 एसीसी 554 व भीम सिंह बनाम सरकार जम्मू कश्मीर एआईआर 1986 एससी में व्यवस्था दी गई है कि विदेशी नागरिक भी मौलिक अधिकार पाने का हकदार है। चीनी नागरिक वांग गोर्जुन चीन के मोमिंग गौंग डांग प्रांत का रहने वाला है। 17 फरवरी 2023 को दिल्ली से आकर पलिया के रास्ते गौरीफंटा वार्डर से नेपाल में घुसने का प्रयास कर रहे चीनी नागरिक को उस समय सीमा पर तैनात एसएसबी कमांडेंट ने पासपोर्ट और वीजा न होने पर गौरीफंटा पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसएसबी कमांडेंट की तहरीर पर पुलिस ने बिना पासपोर्ट और 14 विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वांग गोजुन को जेल भेजा था। आरोप सिद्ध होने के बाद तत्कालीन सीजेएम ने 20 मार्च 2025 को चीनी नागरिक को बिना पासपोर्ट व वीजा के भारत में प्रवेश करने के मामले में पांच साल की सजा व दस हजार जुर्माने लगाया। इसके खिलाफ वांग ने जिला सत्र न्यायालय में अपील की थी। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यू भूलेराम ने 17 श्जनवरी 2026 को वांग की अपील स्वीकार कर सजा को तीन साल साधारण कारावास में परिवर्तित कर दिया गया। सजा आठ अप्रैल को पूरी गई थी। सजा पूरी होने के बाद भी रिहाई न होने पर खबर प्रकाशित होने पर अधिवक्ता ने संज्ञान लेते हुए रिहाई का बीड़ा उठाया। अधिवक्ता का मिशन ने गुरुवार को चीनी नागरिक की रिहाई हो गई।



## बीओबी कर्मियों ने यातायात पुलिस कर्मियों को वितरित की छतरी व साफी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पुलिस विभाग का न सिर्फ सैलरी प्रबंधन किया जा रहा है, बल्कि समाज और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले पुलिस कर्मियों के सम्मान एवं सहयोग के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज भीषण गर्मी और तेज धूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे यातायात पुलिस कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता एवं




सम्मान प्रकट करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा के कालूकुआं शाखा प्रबंधक सौरभ चन्द्रा, कुलदीप यादव व आशीष सोनकर आदि बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात सौरभ सिंह की उपस्थिति में यातायात पुलिस कर्मियों को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से छतरियां एवं साफी (गमछे) वितरित किए। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने कहा कि प्रचंड गर्मी में घंटों तक सड़क पर खड़े रहकर यातायात व्यवस्था संभालना अत्यंत कठिन कार्य है, लेकिन यातायात पुलिस कर्मी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जवानों उत्साहवर्धन व सम्मान प्रकट करना समाज का दायित्व है। यातायात पुलिस कर्मियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के इस मानवीय एवं सहयोगात्मक प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। बता दें कि बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पूर्व से ही पुलिस सैलरी पैकेज के तहत पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए विशेष बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर रहा है, जिनमें उच्च दुर्घटना बीमा कवर, डेबिट कार्ड, रियायती ब्याज दरों पर ऋण, आदि के साथ–साथ निःशुल्क डिजिटल बैंकिंग सेवाएं दे रहा हैं।

## घी व खाद्य तेल की जांच हेतु संचालित किया विशेष प्रवर्तन अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अमर सिंह द्वारा बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में नेपाल एवं अन्य राज्यों में विनिर्मित होने वाले तथा अन्य देशों से आयातित होने वाले घी एवं खाद्य तेल के सम्बन्ध में 06 से 08 मई तक खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित कर नमूनों को संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

सहायक आयुक्त ने बताया कि अभियान अवधि में नेपाल देश से आयातित होने वाले सफारी ब्राण्ड, राजहंस ब्राण्ड, न्यूट्री प्लस ब्राण्ड, कालिका ब्राण्ड का रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, मार्केटेड बाई पतंजलि फूड लिमिटेड, महाराष्ट्र में विनिर्मित सोयम ब्राण्ड का रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, प्रेसीडेन्सी, एम्पैक्स प्रा.लि., वेस्ट बंगाल में विनिर्मित पतंजलि ब्राण्ड का तिल का तेल, ए.डब्ल्यू.एल. एग्री बिजनेस लि., गुजरात में विनिर्मित फार्च्न ब्राण्ड का रिफाइण्ड सोयाबीन तेल, इमामी एग्रो टेक लिमिटेड, वेस्ट बंगाल में विनिर्मित हिमानी बेस्ट व्वाइस ब्राण्ड का रिफाइण्ड पामोलिन ऑयल, रामचन्द्र राम निवास ऑयल मिल राजस्थान में विनिर्मित फर्स्ट क्रॉप ब्राण्ड का कच्ची घानी सरसों तेल, पतंजलि फूड्स लिमिटेड, महाराष्ट्र में विनिर्मित पतंजलि ब्राण्ड का गाय का घी, मिल्क फूड लिमिटेड पंजाब में विनिर्मित मिल्क फूड ब्राण्ड का रिच देशी घी का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। प्रर्वतन की कार्यवाही सहायक आयुक्त (खाद्य) अमर सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण शुक्ल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार वर्मा, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्य वर्मा, अजय कुमार सिंह एवं .पा शंकर के नेतृत्व में की गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, जिला जज ने किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी एवं न्यायालय कर्मी मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों के त्वरित, सुलहपूर्ण एवं आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जज सुधीर कुमार ने कहा कि लोक अदालत आमजन को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाने का प्रभावी



माध्यम है। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों से अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण का प्रयास करने के निर्देश दिए, ताकि लंबित मामलों में कमी लाई जा सके और लोगों को जल्द न्याय मिल सके। लोक अदालत में बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, दीवानी वाद, राजस्व वाद, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी बिल, ट्रैफिक चालान समेत विभिन्न मामलों के निस्तारण हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गईं। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव भी मौजूद रहे। वहीं अमित तिवारी प्रशासनिक अधिवक्ता एवं अजय कुमार शर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित न्यायालय से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर जिला जज राम किशोर–तृतीय, डॉ. मोहम्मद इलियास, पूजा विश्वकर्मा, हरि प्रकाश गुप्ता, सुभाष चंद्र मौर्य, चेतना चौहान, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, अजय सिंह, सीजेएम आशुतोष द्वितीय, सिविल जज आकांक्षा मिश्रा, मोहम्मद साजिद, पलाश गांगुली, दिव्या सिंह, ललिता यादव, अविनाश रंजन, ध्रुव सिंह, शुभ्रा प्रकाश, बिंदु यादव, संगीता, भावना साहू, सोनल साहू, अनिंद उमराव, राजवर्धन तिवारी, प्रियंशी यादव, विम्मी सिंह एवं प्रियंका गौतम सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश राजेश उपाध्याय, मनोज कुमार मिश्रा, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी शियो चंद एवं स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पृथ्वी पाल यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से विवाद समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। न्यायालय परिसर में बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।

# बेटे की सगाई से लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत

## - खुशी का माहौल मातम में बदला

न्यूज वाणी ब्यूरो

भभुआ, कैमूर। जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बेटे की सगाई समारोह से लौट रहे वृद्ध पिता की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में खुशी का माहौल मातम में बदल गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के बड़ूपुर गांव निवासी स्वर्गीय बूटन साह के 76 वर्षीय पुत्र सामा कांत साह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र की सगाई समारोह कुदरा में आयोजित थी। समारोह संपन्न होने के बाद सामा कांत साह घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुदरा एनएच–2 पार करते समय तेज रतार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और परिजनों को सूचना दी तथा घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए कुदरा पीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचे बड़ूपुर पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि नंदन राय ने बताया कि परिवार में बेटे की सगाई को लेकर खुशी का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।



## आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर बेवा को दरकिनार कर अमीर महिला का चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद के लिए महिला चयन होना था लेकिन उसमें वरीयता दी गई थी कि महिला अगर बेवा या फिर गरीब है तो उसको पहले वरीयता में रखा जाएगा लेकिन बाल विकास विभाग ने नियम को ताक में रखते हुए एक अमीर घराने की महिला का चयन कर दिया और यही नहीं जो भी आवेदन आए थे उनमें पहले वरीयता बेवा की थी लेकिन बेवा महिला का न करके विभाग में नियम को दरकिनार करते हुए



अपने नियम को चलाते हुए सीधे अमीर महिला का चयन कर दिया जिसको लेकर बेवा महिला डीएम के यहां शिकायत कर जांच करवाने के लिए गुहार लगाई है। मामला शहर के मोहल्ला छाबीतालाब का है। जहां की रहने वाली पूनम ने जिलाधिकारी अमित आसेरी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति का देहांत पहले हो गया था और मेरे बच्चे हैं जिनके भरण पोषण के लिए हमे बहुत मेहनत करनी पड़ती है लेकिन कुछ माह पहले बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के पद के लिए चयन होना था जिसके लिए वरीयता सरकार द्वारा तय किया गया था कि प्रथम वरीयता में विधवा और गरीब महिला का होना तय किया गया था जिसको देखते हुए परियोजना विभाग द्वारा नियम को ताक में रखते हुए ऐसी महिला का चयन किय जिसके पास खुद शहर के अंदर एक शानदार मकान और परिवार में कारोबारी भी है और यही नहीं कूट रचित तरीके से अपना बी पी एल राशन कार्ड भी बनवा लिया और विभाग के अधिकारियों से साठ गांठ करके यू अमीर महिला ने अपना चयन करवा लिया है और विधवा महिला अपने चयन न होने से जांच के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही है। जबकि इस पद के चयन के लिए कुल 9 आवेदन आए थे जिनमें सबसे पहले वरीयता में शिकायत करता का था लेकिन विभाग द्वारा नियम को ताक में रखते हुए एक अमीर महिला एकता गुप्ता का चयन कर दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 171836 वादों का हुआ निस्तारण

## - राजस्व के 165315 वादों का हुआ निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 71 हजार 836 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश शैली राय, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) पवन कुमार शर्मा, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट कविता निगम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश सुनील प्रसाद, नोडल अधिकारी लोक अदालत/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट अरविन्द कुमार गौतम, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. द्वितीय अनिल कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार यादव एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के कुल 171836 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 5874 वादों, अपर प्रधान न्यायाधीश प्रथम परिवार न्यायालय दीपकान्त मणि की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 13 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हरेन्द्र प्रसाद द्वारा 23 वादों, स्थायी लोक अदालत द्वारा 01 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 04 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 606 मामले तथा राजस्व के 165315 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि 09 करोड़ 28 लाख 90 हजार 745 रही। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) नोडल अधिकारी लोक अदालत अरबिन्द कुमार गौतम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




## एसएसपी ने जनगणना में सहयोग की अपील की

### – स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण कर जनपदवासियों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना–2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने स्वगणना की निर्धारित प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस दौरान उन्होंने जनगणना अभियान को राष्ट्रहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए जनपदवासियों से जिम्मेदारीपूर्वक



सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। एसएसपी ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण तथा भविष्य की नीतियों के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार होती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह सही, सटीक एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना–2027 में बढ़–चढ़कर भाग लें और राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में अपना योगदान दें। इटावा पुलिस ने भी जनपदवासियों से स्वगणना प्रक्रिया में सहयोग कर जनगणना अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## आदर्श स्कूल इकदिल में सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न

### - विजेता छात्र-छात्राएं सम्मानित




न्यूज वाणी ब्यूरो/इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी, मोहल्ला कायस्थान इकदिल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में सम्पन्न हुई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सुंदर लेखन कला का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में भारती राजपूत ने प्रथम, अर्सलान ने द्वितीय तथा अनस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में नयनसी ने प्रथम, अवनी सिंह ने द्वितीय एवं अमन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर आदर्श प्राथमिक विद्यालय इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को सभी प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि इससे उनका बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में डायरेक्टर ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, आंचल गुप्ता, प्रियांशी, अंजली शाक्य, अलफिशा, प्रियंका ठाकुर, दीप्ती, प्रियंका यादव, नीतू, श्रष्टि तिवारी, जैनब, कु. नंदनी सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## 53 शिकायतों में से 22 का मौके पर निस्तारण

### - थाना समाधान दिवस पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्तटीमों ने की सुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अमित आसेरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों, समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 164782 वादों का निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा–निर्देशन में जनपद न्यायालय, फिरोजाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा० बब्बू सारंग द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, विशु राजा, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), फिरोजाबाद, रवि शंकर प्रसाद, पुलिस अधीक्षक (नगर), जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश डा० बब्बू सारंग ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय व्यवस्था को आमजन के अधिक निकट लाने का एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से वादों का निस्तारण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की विशेषता यह है कि यहाँ विवादों के समाधान में केवल विधिक प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी संवाद, विश्वास एवं समझ को भी महत्व दिया जाता है, जिससे विवादों का




स्थायी एवं व्यावहारिक समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायपालिका का उद्देश्य केवल वादों का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव और आपसी समरसता को बनाए रखना भी है। लोक अदालतों के माध्यम से पक्षकारों को न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि उनके पारस्परिक संबंध भी सुरक्षित रहते हैं। ऐसे प्रयासों से न्यायपालिका के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सु.ढ़ होता है। अंत में उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क निस्तारण करना है, जिससे पक्षकारों को लम्बी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत एवं जल बिल संबंधी मामले सहित विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया। उन्होंने आगे कहा कि लोक अदालतें न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच हैं, जो समाज में भाईचारे, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे इस प्रकार की लोक अदालतों का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने विवादों का समाधान आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में करें। अंत में उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 164782 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें अर्थदण्ड एवं समझौता राशि कुल मु० 11,72,76,359 रुपये रही। इनमें से मुख्यतः जनपद न्यायालय द्वारा वाद, परिवार न्यायालयों द्वारा 7800 वाद तथा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 54 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें मु० 3,13,77,480 रुपये की समझौता राशि निर्धारित की गई। इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों द्वारा 55290 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक प्रकरणों में वसूली योग्य 1736 वादों में कुल 8,20,00,000 रुपये की धनराशि का सैटलमेंट किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा 99948 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायालय, फिरोजाबाद के न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी लोक अदालत में विभिन्न वादों का निस्तारण किया गया। इनमें डा० बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश द्वारा 01 वाद, श्री सुनील कुमार सिंह–।।, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एस.सी.ध्एस.टी. एक्ट द्वारा 02 वाद, श्री मुमताज अली, स्पेशल जज पोक्सो एक्ट द्वारा 01 वाद, श्रीमती साक्षी शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं०–4 द्वारा 706 वाद, श्रीमती अर्चना गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०–9 द्वारा 04 वाद, श्री ओमवीर सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पोक्सो कोर्ट सं०–3 द्वारा 01 वाद, श्री रमेश चन्द अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं०–8 द्वारा 01 वाद, श्री संदीप कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पोक्सो कोर्ट सं०–2 द्वारा 02 वाद, श्री निर्दोष कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०–10 द्वारा 02 वाद, श्री श्याम बाबू अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०–7 द्वारा 03 वाद, श्री देव दत्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफ०टी०सी० कोर्ट सं०–1 द्वारा 01 वाद तथा श्री विमल वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफ०टी०सी० कोर्ट सं०–2 द्वारा 03 वाद निस्तारित किये गये। इसी प्रकार मजिस्ट्रेट न्यायालयों में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री विजय कुमार वर्मा द्वारा 4338 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद सुश्री नगमा खान द्वारा 237 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद श्रीमती श्रद्धा देवा द्वारा 1306 वाद, अपर सिविल जज (सी०डि०) फिरोजाबाद श्री अंकुर चौधरी द्वारा 270 वाद, सिविल जज जू०डि० फिरोजाबाद सुश्री सिखा चौधरी द्वारा 02 वाद, ग्राम न्यायालय जसराना के न्यायाधीश श्री पुनीत मोहन दास द्वारा 210 वाद, सिविल जज (जू०डि०) शिकोहाबाद श्रीमती अरोम रमन पिसेज द्वारा 07 वाद, अपर सिविल जज जू०डि० शिकोहाबाद कोर्ट सं० 02 श्री प्रशांत द्वारा 176 वाद, अपर सिविल जज जू०डि० फिरोजाबाद कोर्ट सं० 01 श्रीमती युग्मिता प्रताप द्वारा 208 वाद, सिविल जज (जू०डि०)ध्एफ०टी०सी०–2 फिरोजाबाद श्री अरविन्द कुमार सिंह द्वारा 202 वाद, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्री मुनेश कुमार सिंह द्वारा 03 वाद तथा विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्री अनिल प्रताप सिंह द्वारा 01 वाद का निस्तारण किया गया।

# पूर्व मंत्री ओमवती देवी पंचतत्व में विलीन, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। ओमवती देवी का शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम यात्रा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, समर्थक और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। बताया गया कि शुक्रवार



दोपहर एक निजी अस्पताल में हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया था। वह करीब 76 वर्ष की थीं। शनिवार को उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इसके बाद गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगीना की राजनीति में ओमवती देवी का लंबा और प्रभावशाली सफर रहा। उन्होंने वर्ष 1985 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर पहली बार विधायक बनकर राजनीति में पहचान बनाई। इसके बाद वह 1996 और 2002 में समाजवादी पार्टी से विधायक चुनी गईं, जबकि 2007 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर जीत हासिल कर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनीं। वर्ष 1998 में उन्होंने लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद के रूप में भी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कांग्रेस, सपा, बसपा और भाजपा जैसे प्रमुख दलों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें जनसेवा के प्रति समर्पित और संघर्षशील नेता बताया। लोगों ने कहा कि ओमवती देवी का निधन क्षेत्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है

# जिला प्रबंधक बनने पर प्रतिमा शंकर का अभिनंदन, शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए प्रतिमा शंकर दीक्षित के जिला उद्योग केंद्र में जिला प्रबंधक (आरएएमपी) के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर शनिवार को



इस्लामियां इंटर कॉलेज में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने प्रतिमा शंकर दीक्षित का अभिनंदन करते हुए कहा कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधक के रूप में दीक्षित द्वारा दी गई सेवाएं सराहनीय रही हैं। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. कुश चतुर्वेदी, अरशद मलिक, जावेद खान सहित समस्त स्टाफ ने प्रतिमा शंकर दीक्षित का स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला उद्योग केंद्र के जिला प्रबंधक प्रतिमा शंकर दीक्षित ने स्वागत के लिए प्रधानाचार्य गुफरान अहमद एवं कॉलेज परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव इस्लामियां इंटर कॉलेज के हित में सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

# ओवरलोड ट्रकों के आतंक के खिलाफ गरजी भाकियू अराजनैतिक

## - असोथर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं और सड़कों पर बेखौफ दौड़ते ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने निर्णायक बिगुल फूंक दिया है। शनिवार को असोथर ब्लॉक परिसर में आयोजित मासिक बैठक के दौरान किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों और क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया और चेताया कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो यूनियन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बैठक के दौरान मुख्य रूप से मोरम लदे ओवरलोड ट्रकों और डंपरों के अनियंत्रित आवागमन का मुद्दा छाया रहा। ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इन भारी वाहनों के कारण क्षेत्र की सड़कें न केवल



जर्जर हो रही हैं, बल्कि आम जनता और किसानों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति स्कूली बच्चों की है, जो इन दैत्याकार वाहनों के कारण हर वक्त हादसे के साये में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से पुरजोर मांग की कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय खुलने और बंद होने के समय इन ट्रकों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। बैठक के समापन पर किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल थाना प्रभारी से मिला और उन्हें अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि किसानों के धैर्य की परीक्षा न ली जाए। यदि प्रशासन ने ओवरलोडिंग और सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। बैठक में संगठन को और मजबूत करने पर भी चर्चा हुई और किसानों से अपील की गई कि वे अपनी किसी भी समस्या को लिखित रूप में संगठन तक पहुंचाएं ताकि उसकी प्रभावी पैरवी की जा सके। इस मौके पर पूरा परिसर श्भारतीय किसान यूनियन जिंदाबादश और श्किसान एकता जिंदाबादश के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने किसान मसीहा ठाकुर राजेश सिंह चौहान और राजकुमार सिंह गौतम के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त करते हुए उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय सिंह, दीपू मिश्रा, रविदेव सिंह, सोनू शुक्ला, रजत मिश्रा, राम.पाल यादव, जितेंद्र कुमार यादव, केशन यादव, कुलदीप निषाद, रामदुलारी महिला किसान भी मौजूद रही।

# सूचना कार्यालय में मीडिया व स्टाफ की हुई स्व-गणना

## – घर बैठे ऑनलाइन स्व–गणना की सुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत सरकार की जनगणना–2027 के प्रथम चरण



मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के अंतर्गत चलाए जा रहे स्व–गणना अभियान के तहत जिला सूचना कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा स्व–गणना की गई। स्व–गणना अभियान के माध्यम से नागरिकों को घर बैठे ऑनलाइन अपने विवरण दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे समय की बचत के साथ सूचनाओं की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। अभियान के दौरान जनपदवासियों से निर्धारित समयावधि में अपनी स्व–गणना पूर्ण करने की अपील भी की गई। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार शर्मा ने मीडिया कर्मियों एवं कार्यालय स्टाफ को स्व–गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा ऑनलाइन विवरण भरने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर जागरूक किया। स्व–गणना कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनर वरुण मिश्रा, आदेश सक्सेना, हरि शरण ओझा, आशीष मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं न्यूज वाणी के ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा भी मौके पर उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत रुपईडीहा में शिकायत की जांच को पहुंची उच्चस्तरीय टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा में अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को लेकर जिले के उच्चाधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। टीम में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा अमिता कुमारी तथा पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों की टीम सबसे पहले नगर पंचायत के पुराने कार्यालय पहुंची, जहां रखे अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। साथ ही अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच चल रहे विवाद की जानकारी भी ली गई। ज्ञात हो कि दोनों अधिकारियों के बीच विवाद के चलते पिछले लगभग दो माह से नगर पंचायत कर्मियों का वेतन लंबित है तथा नगर पंचायत के विकास कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित है। कर्मचारियों द्वारा इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी। इसके बाद टीम नगर पंचायत के नवनिर्मित भवन पहुंची, जहां वर्तमान में अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव बैठते हैं। अधिकारियों ने वहां अधिशासी अधिकारी तथा नगर पंचायत के बाबू गंगा प्रताप से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। सूत्रों के अनुसार, पुराने नगर पंचायत कार्यालय से संबंधित कई महत्वपूर्ण अभिलेख नगर पालिका परिषद नानपारा में रखे होने की बात सामने आई है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जांच के दौरान अधिकारियों द्वारा मांगे गए कई दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। वहीं, नवनिर्मित भवन से संबंधित अभिलेख भी अधूरे पाए गए। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने बताया कि बहराइच से आई अधिकारियों की टीम किसी शिकायत की जांच के सिलसिले में रुपईडीहा पहुंची थी। उन्होंने कहा कि उन्हें भी इस संबंध में सीमित जानकारी ही प्राप्त हुई है। वहीं, अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने संक्षिप्त बातचीत के बाद कोई जानकारी न देते हुए फोन काट दिया। इसी प्रकार नगर पंचायत के बाबू गंगा प्रताप से संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। नगर पंचायत में चल रहे इस विवाद और अभिलेखों की जांच को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

# समाज व संस्कृति की रक्षा का दायित्व शिक्षकों पर : शिवशंकर

## - शैक्षिक महासंघ के उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ आगमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह का जनपद में प्रवास हुआ। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत




किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रवास पर चुनिंदा कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय जरैली कोठी में आयोजित की गई। जिसमें चित्रकूट धाम मंडल के मंडल अध्यक्ष डॉ शिव प्रकाश सिंह मांडलिक मंत्री ऋषि रंजन देशपांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह का पाथेय प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने की। प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पूर्व में ही शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को प्रदेश स्तरीय संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर हल कराया है और आगे भी हल कराता रहेगा। उन्होंने बताया कि 2004 विशिष्ट बीटीसी के तहत नियुक्त होने वाले अध्यापकों के लिए पुरानी पेंशन का आदेश शीघ्र ही होने वाला है। उक्त के संबंध में समस्त कारवाइयां कराई जा चुकी हैं। टीईटी के संबंध में अवगत कराया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा एनसीटीई के अधिकारियों एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को एक साथ लेकर गहन विचार विमर्श कर इस सम्बन्ध में समस्त आवश्यक दस्तावेज तैयार कर एनसीटीई द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए है। जिसके क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी के संबंध में दाखिल रिव्यू को ओपन कोर्ट में सुनने का आदेश दिया गया है। शैक्षिक महासंघ के नेतृत्व में टीईटी से मुक्ति संबंधी कार्यवाही अभी तक सही दिशा में चल रही है आने वाले समय में निश्चित रूप से शिक्षकों के पक्ष में परिणाम प्राप्त होगा। पदाधिकारी को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल हमारी मांगे पूरी हो का नारा देने वाले बहुत सारे शिक्षक संगठन हैं परंतु समाज और संस:ति की रक्षा करने की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन नहीं है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का उदय ही शिक्षा, शिक्षक एवं छात्र के उत्थान के साथ साथ समाज और संस:ति के रक्षा की जिम्मेदारी के लिए हुआ है। डॉक्टर, इंजीनियर या किसी अन्य पेशेवर व्यक्तियों के ऊपर समाज और संस:ति के रक्षा की जिम्मेदारी नहीं है। हम सभी शिक्षकों पर ही संस:ति और समाज की रक्षा की जिम्मेदारी है। चूंकि हम विद्यालयों में नौनिहालों के अंदर संस:ति एवं समाज में रहने का गुण भरते हैं इसलिए समाज और संस:ति के प्रति हम सब की अधिक जिम्मेदारी बनती है। राष्ट्रीय शैक्षिक महसन बांदा की कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए संगठन के उत्थान के लिए कुछ प्रमुख मूल मंत्र पदाधिकारियों को बताए एवं अपनी अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए शैक्षिक महासंघ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों से प्रदेश स्तरीय समस्याएं एकत्रित कर उनको शीघ्र निस्तारित कराने का आश्वासन प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिया गया। बैठक को मंडल अध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री द्वारा भी संबोधित किया गया। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष एवं उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर बैठक के समापन की घोषणा की गई। बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार शिवहरे द्वारा किया गया।

# खैरीघाट थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, प्रदीप कुमार को सौंपी कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत थाना खैरीघाट में कानून–व्यवस्था को लेकर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और क्षेत्र में कानून–व्यवस्था बनाए रखने में विफलता के आरोप में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। प्रशासनिक सख्ती के तहत खैरीघाट थाने की कमान अब प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली नगर प्रदीप कुमार सिंह को सौंपी गई है। यह निर्णय क्षेत्र में बढ़ती शिकायतों, अनुशासनहीनता और प्रभावी पुलिसिंग के अभाव को गंभीरता से लेते हुए लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में खैरीघाट क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे थे। उच्चाधिकारियों के निरीक्षण और फीडबैक के बाद यह स्पष्ट हुआ कि अपेक्षित नियंत्रण और तत्परता नहीं दिखाई जा रही थी, जिसके चलते यह कड़ा कदम उठाया गया। नव नियुक्त थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही स्पष्ट किया कि कानून–व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अपराध नियंत्रण, जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण और क्षेत्र में शांति–व्यवस्था बहाल करने के लिए सख्त एवं पारदर्शी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में जवाबदेही और अनुशासन का संदेश गया है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि नए नेतृत्व में खैरीघाट क्षेत्र में कानून–व्यवस्था में सुधार होगा और पुलिसिंग अधिक प्रभावी बनेगी।

# एसएसपी ने सिविल लाइन व फ्रेण्ड्स कॉलोनी थाने में सुनीं शिकायतें



न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना सिविल लाइन एवं थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पहुंचकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरी की घटनाओं का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/हल्दौर, बिजनौर। पुलिस ने नगर क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरतार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला रईसान निवासी वरुण अग्रवाल के बैंक्वेट हॉल परिसर से करीब दो माह पूर्व जनरेटर की वायर चोरी कर ली गई थी। इसके अलावा मोहल्ला होली चौक भूड़ निवासी दीपक चौहान की बिजनौर–मुरादाबाद हाईवे स्थित कार वर्कशॉप को भी चोरों ने निशाना बनाया था। चोर शटर और ताले तोड़कर वहां से दो बैटरी व इन्वर्टर चोरी कर ले गए थे। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने जांच तेज करते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरतार कर मामले का खुलासा किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उनका अन्य वारदातों से भी संबंध है या नहीं।

## मिर्जापुर में 15 व 16 मई को होगा ग्रीष्मकालीन शिविर

### - वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय व पुरानी पेंशन को लेकर होगी चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का ग्रीष्मकालीन शिविर आगामी 15 एवं 16 मई को मिर्जापुर जनपद स्थित शेम फोर्ड स्कूल में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस शिविर में प्रदेश भर के शिक्षक विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर मंथन करेंगे। शिविर में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन योजना बहाली, शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने, वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने व सरकारी विद्यालयों की देखरेख समाज को सौंपने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। शिक्षक संघ पदाधिकारियों का कहना है कि इन मांगों को लेकर आगामी रणनीति भी तैयार की जाएगी। शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर यह है कि सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को यात्रा अवधि सहित विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सात मई को आदेश जारी किया है। संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त पांडेय एवं जिला मंत्री विजय करन श्रीवास ने जनपद के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में प्रतिभाग करने की अपील की है। उनका कहना है कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है।

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत, मासूम घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम साहूपुर के समीप शनिवार की भोर डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे 48 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं 6 वर्षीय मासूम घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम कंसाही गांव निवासी राकेश की 48 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी अपने पुत्र रोहित कुमार 25 वर्षीय व नाती .ष्णा पुत्र अनुज कुमार के साथ निमंत्रण पर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के साहूपुर गांव आये थे। बताते हैं कि भोर पहर लगभग 5 बजे वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग गांव से कुछ दूर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे सुमित्रा की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मासूम .ष्णा घायल हो गया वहीं रोहित कुमार हादसे में बाल–बाल बच गया। सूचना पर पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।




# किशोर न्याय अधिनियम पर पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

### - बच्चों की पहचान गोपनीय रखने पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस लाइन सभागार में किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर



कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसपी क्राइम संतोष सिंह ने की। उन्होंने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं महिला पुलिसकर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम का संवेदनशीलता के साथ पालन करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम की विभिन्न धाराओं एवं प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों, विधि विरुद्ध किशोरों के लिए किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रतिभागियों को वीडियो क्लिप के माध्यम से व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे की पहचान मीडिया में उजागर नहीं की जानी चाहिए तथा बच्चों की देखभाल, संरक्षण एवं पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही यह भी बताया कि किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों को पेश करते समय पुलिसकर्मी वर्दी में न रहें तथा निर्धारित प्रारूप को सही ढंग से भरना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में अधिनियम के अंतर्गत आने वाले लघु, गंभीर एवं जघन्य अपराधों की श्रेणियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले मामलों में ही नाबालिग की गिरतारी संभव है। इस अवसर पर बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य, वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज वंदना भदौरिया, पॉक्सो सपोर्ट पर्सन साधना सिंह तथा एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने दीप जलाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायालय के दसकक्षीय सभागार में प्रशासनिक न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी एवं न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मॉ0 सरवस्ती के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। न्यायामूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी द्वारा लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि सभी विद्धवान अधिवक्तागंण भाइयो एवं बहनो भारत वर्ष में सभी तरह के त्यौहार होते है। एक सामाजिक त्यौहार, धार्मिक त्यौहार एवं राष्ट्रीय पर्व परन्तु जो आज का पर्व है न्याय का पर्व है। एक ऐसा पर्व है जो हमारे देश की जो प्राचीन सभ्यता रही, जहा कोई भी वाद पहले स्तर पर परिवार के मुखियॉ द्वारा फिर गॉव के मुखियॉ द्वारा गॉव के मंच, पंच के द्वारा आपसी समझौते से निर्धारित किया जाता था। उसी परम्परा को एक न्यायिक चहरा देने के लिए एक अधिनियम की स्थापना हुई, परन्तु वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ राष्ट्र के सभी जिलो के राष्ट्रीय लोक अदालत का करने के फैसला किया गया। इसके पिछे की मंशा यह रही कि देखा भी गया जब भी कोई वादकारी अपना वाद न्यायालय के समक्ष आता है जो प्रक्रिया की जटिलता है। इसके कारण कभी कभी छोटे वाद भी लम्बे समय तक निर्णय लेने के लिए न्यायालय में लम्बित पड़ जाते है। इसलिए इस पर्व लाया गया कि आज उस जटिलता से दूर, उस वाधता से दूर, जहा जज परिवार की मुखियॉ की तरह और आपसे उम्मीद लगाता हुआ कि आप अपने वाद को आपस में बैठक कर निर्धारित करा सके। वाहन चालान की संख्या में बहुत दिन तक लम्बित हो जाते थे वहा चालान अब आन लाईन या लोक अदालत में पहुचकर लम्बित चालानो को पूरा किया जाता है। ग्रामीण इलाको में बैक से जो लोन लोन लिया जाता था जिसका व्याज बढ़कर ज्यादा जो जाता है जो गरीब किसान न भर पाने से राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके व्याज मॉफ करके उनका लोन भर दिया जाता है। उन्होने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते के माध्यम से आपसी वैमनस्य को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उनके द्वारा यह कहा गया कि सम्पूर्ण न्यायपालिका कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक न्याय व्यवस्था का लाभ पहुँचाने हेतु प्रतिबद्ध है। जनपद न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा यह कहा गया कि लोक अदालत से जहाँ एक ओर समय की बचत होती है, वहीं लम्बे समय से लम्बित मामलों के त्वरित निस्तारण का यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि जब लोक अदालत के माध्यम से किसी मामले का निस्तारण होता है तब उसके विरूद्ध कोई अपील नहीं होती है और विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत शक्ति सिंह अपर जिला जज कोर्ट संख्या–1 द्वारा लोक अदालत के विषय में जानकारी देते हुए यह बताया गया कि ऐसे छोटे प्रकरण जिसमें अनावश्यक रुप से मुकदमेबाजी के कारण पक्षकारों के मध्य वैमनस्यता विद्यमान रहती है को समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में लोक अदालत द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका निभायी जा रही है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा यह कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका, प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय से मामलों के निस्तारण का जीवन्त उदाहरण है। पुलिस अधीक्षक डा० ईरज राजा द्वारा यह कहा गया कि जनपद की पुलिस द्वारा लोक अदालत की सफलता हेतु शत प्रतिशत नोटिसों का तामिला कराया गया है। आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में वृद्धा, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन हेतु एक शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर बिजली बिल, गृहकर एवं जल कर सहित अन्य सामाजिक योजनाओं से सम्बंधित पाण्डाल भी लगाये गये हैं। प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा कुछ दिव्यांगजनों को व्हील चेयरध्बैसाखी आदि का वितरण भी किया गया। आज की लोक अदालत में सैन्य कर्मियों हेतु एक विशेष पाण्डाल लगाया गया था। नीरज गोंड, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर, द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 01 लाख 24 हजार 587 मामले निस्तारित किये गये। बैंक द्वारा कुल 04 करोड़ 38 लाख 55 हजार 223 रुपये के एन.पी.ए. मामले निस्तारित किये गये। परिवार न्यायालय द्वारा कुल 06 विवाहित जोड़ो की सुलह कराकर विदाई करायी गयी। आज की लोक अदालत में अपर जिला जज



कोर्ट संख्या–01 में 10 वर्ष से लम्बित अत्यंत प्राचीनतम सिविल अपील भी निस्तारित की गयी। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शैलोज चन्द्रा, पीओ एमएसीटी संजय हरिशुक्का, अपर जिला जज अली रजा, अभिमन्यू सिंह, रामअवतार प्रसाद, संजय कुमार लाल, विजय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नूतन द्विवेदी सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, सिविल बार के सचिव अंजनी ठाकुर, वाहय न्यायालय सैदपुर, मुहम्मदाबाद, ग्राम न्यायालय जखनियॉं, जमानियॉं, बार के पदाधिकारीगण, न्यायालय के कर्मचारीगण एवं वादकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज गोंड़ द्वारा किया गया।

# मानिकपुर मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक का कहर

### - मां समेत तीन लोग सड़क हादसे में घायल



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के मानिकपुर मोड़ पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रतार और बेकाबू ट्रक ने स्कूटी सवार मां और दो बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए तुरंत घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सड़क पर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश देखा गया। स्थानीय नागरिकों ने तेज रतार वाहनों पर नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के सतनरैनी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के अंचित पटाई गांव निवासी पितम्बर लाल का पुत्र सुनील कुमार घर से यह कहकर निकला कि वह अपनी मौसी आशा देवी के यहां बसवा गांव जा रहा है। तभी सतनरैनी के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## किशोरी ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम मलांव में शनिवार की सुबह मां की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने जान देने के इरादे से धतूरा खा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलांव गांव निवासी संतोष की पुत्री शशिदेवी को उसकी मां श्री देवी ने किसी बात को लेकर डांट डपट दिया। जिसको लेकर किशोर ने धतूरा खा लिया। जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनो ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## मोबाइल चोरी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के वर्मा चौराहे में शनिवार की शाम मोबाइल चोरी को लेकर दो पक्षो के बीच चले लाठी डन्डा व ईट पत्थर के दौरान दोनो पक्षो से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार वर्मा चौराहा निवासी सुक्खू का 18 वर्षीय पुत्र सुन्दर 25 वर्षीय पुत्र ललित 30 वर्षीय पुत्र आशीष व 50 वर्षीय पत्नी माया देवी तथा दूसरे पक्ष से स्व0 हरी प्रसाद का 56 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार गुप्ता व पत्नी सुनीता गुप्ता 50 वर्ष के बीच शनिवार की शाम मोबाइल चोरी को लेकर दोनो पक्षो के बीच विवाद शुरू हो गया। तभी देखते ही देखते बात इतनी बढ गयी की दोनो ओर से लाठी डन्डा व ईट पत्थर चलने लगे। जिससे एक पक्ष के सुन्दर ललित आशीष व मां माया घायल हो गये। जबकि दूसरे पक्ष से दम्पत्ति राजेश कुमार गुप्ता व पत्नी सुनीता गुप्ता घायल हो गयी। दोनो पक्ष इलाज के लिए जिला चिकित्सालय आये जहां इलाज के दौरान माया देवी ने बताया कि राजेश कुमार का पुत्र सुभाष ने उसके पुत्र ललित का मोबाइल छीन लिया था। जिसको लेकर पूर्व में कलेक्टरगंज पुलिस चौकी में तहरीर दी गयी थी। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि अपनी पत्नी के साथ घर में बैठा तभी सुन्दर व उसके परिवार ने उन पर हमला बोल दिया। हालाकि दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गयी है।

## अदालती नोटिस

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर ।

याचिका संख्या 259 सन् 2024

भीम बनाम पूजा देवी

धारा– 13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम जिला– फतेहपुर।

यूंकि प्रत्युत्तरदाता पूजा देवी उम्र करीब 25 वर्ष पुत्री स्व0 प्रेम निवासिनी मोहल्ला रेडइया परगना फतेहपुर थाना कोतवाली फतेहपुर जिला फतेहपुर आपके विरूद्ध याची– भीम उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम दीवान का पुरवा परगना फतेहपुर, थाना हुसेनगंज जिला फतेहपुर ने याचिका संस्थित किया है, जैसा कि याचिका में वर्णित है। एतद्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 07.07. 2026 को, समय 08:30 बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें। एतद्द्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरूद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं होगे। एतद्द्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्मित ' किया नायेंगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश कुटुम्ब न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 06.05.2026 को पारित किया गया, जिसके अनुपालन में यह आदेशिका (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु) आपको प्रेषित की जा रही है।

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर ।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विवेक कुमार का जन्म दिनांक 05.08.2010 को घर पर हुआ था। पिता का नाम गोविन्द लाल है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। गोविन्द लाल पुत्र रामधनी निवासी ग्राम महमदपुर पोस्ट शाह ब्लाक बहुआ जनपद फतेहपुर उ0प्र0।



# बचपन प्ले स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स डे

## – बच्चों व उनकी माताओं से सहभागिता कर कार्यक्रम को बनाया यादगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के बचपन प्ले स्कूल में हर्षोल्लास के बीच मदर्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व उनकी माताओं ने



उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अवसर को यादगार बना दिया।

समारोह के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेल, आकर्षक गतिविधियां व नान फायर कुकिंग एक्टिविटी का आयोजन हुआ। जिसमें माताओं व बच्चों ने मिलकर हिस्सा लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सिंह ने सभी माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां बच्चे की प्रथम गुरू होती है। उनका स्नेह त्याग व संस्कार समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया। जलपान की व्यवस्था भी की गई। पूरा वातावरण खुशी, उत्साह एवं पारिवारिक स्नेह से सराबोर रहा। जिसमें अध्यापिका श्रेया गुप्ता, निकिता अग्निहोत्री, जानवी गुप्ता, साधना तिवारी एवं सभी अध्यापक शामिल रहे।

# डीएम व एसपी ने हुसैनगंज थाने का किया निरीक्षण

## - अधिकारियों के थाने पहुंचते ही पुलिस कर्मियों में दिखी मुस्तैदी

## - फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कानून व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के साथ ही थानों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त रखने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना हुसैनगंज का औचक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों के थाने पहुंचते ही पुलिस कर्मियों में हलचल तेज हो गई और पूरे परिसर में मुस्तैदी दिखाई दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों के रख–रखाव, मालखाना, हवालात तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने थाना कार्यालय में रखे रजिस्टरों और अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उनके व्यवस्थित रख–रखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि थानों में आने वाले फरियादियों को बेहतर वातावरण और त्वरित



न्याय मिलना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मालखाने में रखे सामान की स्थिति भी देखी गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जब्त माल का विधिवत रख–रखाव सुनिश्चित किया जाए और अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए। वहीं हवालात की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं साफ–सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने थाना परिसर की स्वच्छता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों की साफ–सफाई और अनुशासन आमजन के बीच सकारात्मक संदेश देता है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

फतेहपुर। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने हुसैनगंज थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं जनपद के सभी थानों पर भी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया गया।

# पुलिस पेंशनरों की समस्याओं का करें समाधान : एसपी

## – पुलिस पेंशनर संगोष्ठी में दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में शुक्रवार को पुलिस पेंशनर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने की। इस दौरान



पुलिस पेंशनरों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

संगोष्ठी में पेंशन, चिकित्सा सुविधा, बैंकिंग सेवाओं समेत विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी थरियांव वीर सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में पुलिस पेंशनर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े झपट्टामार गैंग के दो सदस्य

## - शिकार की तलाश में निकलते थे बाइक पर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर में लगातार हो रही छिनैती की वारदातों का



कोतवाली पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो शातिर झपट्टामारों को गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, एक पर्स, 2130 नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने यह बड़ी सफलता हासिल की। बताते चलें कि बीते 29 अप्रैल को तुराबअली का पुरवा निवासी अनम परवेज स्कूल से घर लौट रही थीं। तभी भिटौरा रोड स्थित कलश गेस्ट हाउस के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से बैग झपट लिया और फरार हो गए। बैग में वन प्लस व सैमसंग मोबाइल, नगदी और जरूरी दस्तावेज थे। इसी दिन दूसरी घटना में असम निवासी ट्रक चालक गौतम चौहान लखनऊ बाईपास के पास फोन पर बात कर रहे थे, तभी बदमाश उनका मोबाइल और नगदी झपटकर भाग निकले। घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सीईआईआर पोर्टल और मुखबिर तंत्र की मदद ली। इसके बाद अयोध्या कुटी क्षेत्र से भूरा उर्फ निखिल गुप्ता और आशीष सिंह को गिरतार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे बाइक से घूमकर सुनसान स्थानों पर महिलाओं व राहगीरों को निशाना बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि बाइक की किस्तें भरने और नशे की लत पूरी करने के लिए वे छिनैती की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र सहित कई पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति समेत तीन गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपितों को गिरतार कर न्यायालय भेज



दिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

कोतवाली पुलिस ने मु0अ0सं0 188/2026 में धारा 85/80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अंशुमान, उसके पिता विजय व मां माया देवी को गिरतार किया। तीनों आरोपी चौधकियापुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार गिरतार आरोपितों में अंशुमान पुत्र विजय, विजय पुत्र स्व. रामसजीवन व माया देवी पत्नी विजय शामिल हैं। गिरतारी के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल द्रौपदी तथा आरक्षी विनोद कुमार शामिल रहे।

# विश्व हिंदू परिषद के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

## – राष्ट्रभक्ति व संगठन मजबूती पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सत्र दोपहर दो बजे प्रारंभ हुआ, जिसका समापन रविवार को होगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक एवं चंद्रिका उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना, संगठन के कार्यों से



परिचित कराना व समाज के समक्ष मौजूद वर्तमान चुनौतियों के प्रति जागरूक करना बताया। मुख्य वक्ता विवेक कुमार ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का लक्ष्य केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि ऐसे चरित्रवान समाज का निर्माण करना है जो राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित हो। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की महत्वपूर्ण पाठशाला है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग को छह सत्रों में विभाजित किया गया है, जिनमें विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष संतोष विनायक, जिला कार्याध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, जिला मंत्री लोकेश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, प्रांत संगठन मंत्री सोनपाल, नगर मंत्री मनमोहन साहू, नगर गौ सेवा प्रमुख अभिनव यादव, शैलेश, महेश, सानू सिंह, आकाश, रवि, आदित्य ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# रेमंड शोरूम का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

## - अब जिले में मिलेंगा ब्राडेड परिधानों का विकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। प्रतिष्ठित वस्त्र निर्माण कंपनी रेमंड लिमिटेड ने शहर में अपने विशिष्ट शोरूम द रेमंड शॉप का भव्य शुभारंभ किया। आधुनिक शोरूम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा किया गया। शोरूम के उद्घाटन अवसर पर मौजूद शिशिर पटेल ने बताया कि अब जनपदवासियों को ब्रांडेड कपड़ों की खरीदारी के लिए जिले से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस शोरूम में रेमंड की संपूर्ण श्रृंखला उपलब्ध रहेगी, जिसमें सूटिंग–शर्टिंग के साथ तैयार परिधानों के प्रसिद्ध ब्रांड पार्क एवेन्यू, पार्क्स और कलर प्लस भी ग्राहकों को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए विशेष नाप–जोख सिलाई व्यवस्था भी की गई है, जिससे लोग अपनी पसंद और फिटिंग के अनुसार परिधान तैयार करवा सकेंगे। शोरूम को आधुनिक साज–सज्जा और आकर्षक वातावरण के साथ तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को खरीदारी का अनोखा अनुभव मिल सके। इस अवसर पर जंग बहादुर वर्मा, ध्रुव नारायण रस्तोगी, हरिओम रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, हेमंत पटेल, अंकुर पटेल, धनंजय चौधरी, मृत्युंजय चौधरी, गौरव दीक्षित उपस्थित रहे।

# हिंदू महासभा ने महाराणा प्रताप की मनाई जयंती

## – गर्मी में राहगीरों का गला कराया तर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा ने शनिवार को महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई। आईटीआई रोड स्थित कैंप कार्यालय में महाराणा प्रताप के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा–अर्चना की। इसके बाद पटेल नगर चौराहे पर गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए राहगीरों को शर्बत वितरित किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा



कि महाराणा प्रताप ने मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक और अन्याय से बचाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी भी अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और राष्ट्रभक्ति व स्वाभिमान की मिसाल कायम की। उन्होंने युवाओं और जनप्रतिनिधियों से महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और जय हिंद के नारे लगाए। इस मौके पर प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, श्रवण कुमार, करण सिंह पटेल, डॉ. प्रमोद पांडेय, मूलचंद गुप्ता, आचार्य धनंजय पांडेय, मुकेश चौरसिया, राज शर्मा, स्वामी गणेशानंद महाराज, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, सरला सिंह, पुष्पा गुप्ता, ओमलता, पूनम राय और बेबी गुप्ता समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गाजीपुर पुलिस ने नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए मामले में वांछित आरोपी को गिरतार कर लिया।

पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0 103/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद किया। वहीं मामले में वांछित अभियुक्त सचिन पुत्र स्व. सर्वेश रैदास निवासी कस्बा व थाना गाजीपुर को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिनाथ सिंह, कांस्टेबल अभिजीत पाण्डेय एवं महिला कांस्टेबल पूनम सिंह शामिल रहीं।

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

## - एनसीसी बटालियन में हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। 60 यूपी बटालियन एनसीसी में ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सात मई से ध्वजारोहण के साथ की गई थी, जिसका समापन शनिवार को विशेष समारोह के रूप में हुआ। एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल बृजेश पठानिया ने देश के सशस्त्र बलों के उन वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कर्नल पठानिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मनाने का मुख्य उद्देश्य सशस्त्र बलों के बहुमूल्य योगदान को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेटों और समाज को यह संदेश देना जरूरी है कि देश की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बल हर परिस्थिति में जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है और सेना के प्रति सम्मान बढ़ता है। कार्यक्रम में विभिन्न आर्म्ड फोर्स से जुड़े भूतपूर्व सैनिक, अधिकारीगण, केंद्रीय व राज्य कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट मौजूद रहे। समारोह के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और वीर जवानों के योगदान को याद किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद की थाना किशनपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना किशनपुर में दर्ज मु0अ0सं0 47/2026, धारा 74/333/115(2)/351(3)/64(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र राममिलन निषाद निवासी ग्राम मिहुंवापुर मौजा रायपुर भसरौल थाना किशनपुर को शुक्रवार को गिरतार किया गया। गिरतारी के बाद पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विजय बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल आशुतोष, कांस्टेबल बृजेश कुमार मौर्य की अहम भूमिका रही।

# डीएम ने हुसैनगंज वीएचएनडी सत्र का किया निरीक्षण

## - बच्चों व गर्भवती महिलाओं की जांच पर दिया जोर



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शनिवार को हुसैनगंज उपकेंद्र में आयोजित वीएचएनडी (ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस) सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली व व्यवस्थाओं को परखा। डीएम ने निर्देश दिए कि वीएचएनडी सत्र में आने वाले सभी बच्चों एवं धात्री महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जाए और उन्हें शासन द्वारा अनुमन्य सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बारह बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था, जबकि 15 बच्चों का टीकाकरण शेष था। बच्चों के ग्रोथ चार्ट भी भरे गए थे। वहीं छह गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण होना था, जिसमें चार महिलाओं का टीकाकरण और एएनसी जांच पूरी कर ली गई थी। महिलाओं के बीपी, शुगर और यूरिन समेत अन्य जरूरी परीक्षण भी किए गए। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वीएचएनडी कार्यक्रम का नियमित सुपरविजन किया जाए और किए गए कार्यों की समय से संबंधित पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर सुपरवाइजर प्रशांत भारती, एएनएम अनुपम चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथलेश कुमारी और आशा माया देवी सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )